RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु
smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-159 जयपुर, मंगलवार, 09 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

### पीएम मोदी लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर बोले-

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए-मोदी

नई दिल्ली



पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था।

पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी।

पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

### जिन्ना के सामने झुके नेहरू

मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाव देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

### 1906 का एक किस्सा सुनाया

वंदे मातरम् से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कहा- 20 मई 1906 को बारीसाल (अब बांग्लादेश में है) में वंदे मातरम् जुलूस निकाला, जिसमें 10 हजार से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे थे। इसमें हिंदू और मुस्लिम समेत सभी धर्म और जातियों के लोगों ने वंदे मातरम् के झंडे हाथ में लेकर सड़कों पर मार्च किया था। बंगाल के लिए वंदे मातरम् गली-गली का नारा बन गया: हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्त पर चढ़ जाते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम् कहते थे। हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् कहते हुए फांसी को चूम लिया। बंगाल की एकता के लिए वंदे मातरम् गली-गली का नारा बन गया था और यही नारा बंगाल को प्रेरणा देता था।

### नेहरू ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए

जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाव देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। नेहरू ने 5 दिन बाद नेताजी को चिट्ठी लिखी। उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। वे लिखते हैं- ये जो बैकग्राउंड है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। कांग्रेस का बयान आया कि 26 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा होगी। इस प्रस्ताव के खिलाफ लोगों ने देश भर में प्रभात फेरियां निकालीं, लेकिन कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

### लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा

संसद के शीतकालीन सत्र के छठे दिन सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा की जा रही है। इसके लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोपहर 12 बजे इस चर्चा की शुरुआत की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने सबसे पहले अपनी बात रखी। दरअसल, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 2 दिसंबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों के प्रतिनिधियों की मीटिंग बुलाई थी। इसमें तय किया गया था कि वंदे मातरम् को लेकर 8 दिसंबर को लोकसभा और 9 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा होगी।


### वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन का सौभाग्य

'जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है।'

वंदे मातरम् के 150 साल पर भारत तेजी से बढ़ रहा: जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## अभिषेक शर्मा पाकिस्तान में सबसे ज्यादा सर्च किए गए क्रिकेटर

नई दिल्ली




इस साल पाकिस्तान में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा सबसे ज्यादा सर्च किए गए क्रिकेटर रहे। पाकिस्तान के मोस्ट-सर्च्ड टॉप-5 खिलाड़ियों की सूची में वे नंबर-1 पर हैं और खास बात यह है कि वह इस लिस्ट में अकेले नॉन-पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं।

हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान के बड़े क्रिकेट सितारे जैसे बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ टॉप-10 लिस्ट में भी जगह नहीं बना पाए। 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच चार मुकाबले खेले गए और चारों में जीत भारत ने दर्ज की।

चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसी के साथ 14 साल के युवा वैभव सूर्यवंशी भारत में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एथलीट बने हैं। अभिषेक प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे अभिषेक शर्मा को एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। 25 साल के इस ओपनर ने टूर्नामेंट में 7 मैचों में 314 रन बनाए और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके बल्ले से 3 हाफ सेंचुरी, 32 चौके और 19 छक्के निकले। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शाहीन शाह अफरीदी और हरिस रउफ से हुई तीखी बहस भी खूब चर्चा में रही। अभिषेक के बाद पाकिस्तान में जिन खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा सर्च किया गया, उनमें हसन नवाज, इरफान खान नियाजी, साहिबजादा फरहान और मुहम्मद अब्बास शामिल हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू पति-पत्नी की हत्या, एफआईआर और गिरफ्तारी नहीं

ढाका

बांग्लादेश के रंगपुर जिले में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 75 वर्षीय योगेश चंद्र राय और उनकी पत्नी सुवर्णा राय की घर में गले रेतकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव रविवार सुबह उनके घर से बरामद हुए। अभी तक न कोई स्नढ्ढ दर्ज हुई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।

रविवार सुबह करीब 7.30 बजे पड़ोसियों और घरेलू सहायिका ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे सीढ़ी लगाकर घर के अंदर पहुंचे। अंदर सुवर्णा राय का शव रसोई में और योगेश राय का शव डाइनिंग रूम में पड़ा मिला। दोनों के गले कटे हुए थे।

पुलिस का कहना है कि हमला देर रात करीब 1 बजे हुआ। दंपती गांव के घर में अकेले रहते थे। उनके दो बेटे शोवेन चंद्र राय और राजेश खन्ना चंद्र राय बांग्लादेश पुलिस में नौकरी करते हैं।

फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है लेकिन हत्या की वजह साफ नहीं है। पुलिस ने बताया कि परिवार का कोई पुराना विवाद भी नहीं मिला। रविवार दोपहर 2 बजे तक कोई केस दर्ज नहीं किया गया था।

## जयपुर-कोटा में बम ब्लास्ट की धमकी

### कोचिंग सेंटर, कलेक्ट्रेट और हाईकोर्ट परिसर खाली करवाया, सेना ने संभाला मोर्चा

कोटा



राजस्थान में सोमवार को कोटा में कलेक्ट्रेट, कोचिंग सेंटर और जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी के ईमेल के बाद पुलिस, सेना और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। तीनों परिसर की सर्च की गई। कोटा में कलेक्टर की ऑफिशियल आईडी पर आए ईमेल में लिखा था- 'कोटा कलेक्ट्रेट और जवाहर नगर इलाके में स्थित शिखर कोचिंग को आरडीएक्स बम से उड़ाया जाएगा।'

ईमेल के बाद परिसर खाली करवाया गया। पुलिस, डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता के साथ सेना के जवान भी जांच में जुट गए। तीनों जगह सर्च के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

कोटा कलेक्टर पीयूष समारिया ने बताया- सोमवार सुबह करीब 7:20 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। इसमें किसी शख्स ने केरल से होने का दावा करते हुए जिम्मेदारी ली।

इससे पहले, 5 दिसंबर को भी जयपुर में हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 4 दिसंबर को अजमेर में दरगाह और कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### डीसीपी बोले- हर बार अलग तरीके का ईमेल आता है

ईमेल के आईपी एड्रेस को लेकर जयपुर के डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- बदमाश वीपीएन का इस्तेमाल करते हैं। वीपीएन के कई प्रकार होते हैं। हमारे पास जो टेक्नोलॉजी और मैन पावर है, उसका इस्तेमाल करके आरोपियों को जल्दी ही ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। आशा है कि जल्दी ही कुछ कामयाबी मिलेगी।

हाईकोर्ट धमकी वाला ईमेल पिछले मेल से काफी अलग था। हर बार अलग तरीके का ईमेल आता है। आरोपी किसी समस्या का जिक्र करते हुए धमकी देते हैं, जिसमें कुछ लोकल होती हैं, कुछ स्टेट की होती हैं। धमकी के ईमेल का कोई कॉमन पैटर्न नहीं है। इस मामले में प्रशासन की जांच जारी है।


## धर्मेंद्र की बर्थ एनिवर्सरी पर इमोशनल हुईं हेमा मालिनी कहा-जिंदगी को फिर से समेटने की कोशिश कर रही हूं

मुम्बई

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आज 90वीं बर्थ एनिवर्सरी है। इस खास मौके पर फैमिली और फ्रेंड्स उन्हें अपने तरीके से याद कर रहे हैं। हेमा मालिनी ने दिवंगत पति की एनिवर्सरी पर इमोशनल पोस्ट लिखा है। साथ ही, उनके साथ अपनी अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं।

हेमा लिखती हैं- 'हैप्पी बर्थडे माई डियर हार्ट। दो हफ्ते से ज्यादा का समय बीत चुका है, जब आप मेरा दिल तोड़कर मुझे छोड़कर चले गए। मैं धीरे-धीरे उन टुकड़ों को समेट कर फिर से अपनी जिंदगी संवारने की कोशिश कर रही हूं। यह जानते हुए कि आप हमेशा मेरे साथ ही रहेंगे।

हमारे साथ बिताए जीवन की सुखद यादें कभी नहीं मिट सकतीं। उन पलों को फिर से जीना मुझे बहुत सुकून और खुशी देता है। मैं ईश्वर का शुक्रिया अदा करती हूं, हमारे साथ बिताए प्यारे सालों के लिए, हमारी दो खूबसूरत बेटियों के लिए उन्होंने एक-दूसरे के लिए हमारे प्यार को और मजबूत किया और उन सभी खूबसूरत, सुखद यादों के लिए जो मेरे दिल में हमेशा रहेंगी।



आपके जन्मदिन पर ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि वह आपको शांति और खुशी प्रदान करें, जिसकी आप अपनी विनम्रता, हृदय की अच्छाई और इंसानियत के प्रति प्रेम के लिए पूरी तरह से हकदार हैं। जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। हमारे साथ के सुखद पल।' हेमा मालिनी धर्मेंद्र के निधन से पूरी तरह टूट गई हैं। उन्होंने अपना दुख एक्टर के निधन के तीन दिन बाद भी लिखकर जाहिर किया था।

उन्होंने लिखा था- धरम जी। वो मेरे लिए बहुत कुछ थे, एक प्यार करने वाले पति, हमारी दो बेटियों ईशा और अहाना के स्नेही पिता, एक मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, जरूरत के हर समय मेरे 'गो-टू' इंसान। सच कहूं तो, वे मेरे लिए सब कुछ थे। अच्छे और बुरे हर दौर में वे हमेशा मेरे साथ रहे। उन्होंने अपने सहज, दोस्ताना स्वभाव से मेरे परिवार के हर सदस्य का दिल जीत लिया था, हमेशा सभी को स्नेह और अपनापन देते हुए।

### फैंस से मिलीं हेमा मालिनी

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आज 90वीं बर्थ एनिवर्सरी है। इस मौके पर देओल परिवार ने उनके बंगले पर सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में एक्टर के फैंस पहुंचे हैं। एक वीडियो में सनी देओल पिता की याद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते दिखे। वहीं, धर्मेंद्र के पोते-एक्टर राजवीर देओल को भी स्पॉट किया गया।

वहीं, इस खास मौके पर हेमा मालिनी भी अपने बंगले पर धर्मेंद्र के फैंस से मिलती नजर आईं। इस दौरान उनकी बेटी ईशा देओल भी वहां मौजूद थीं। हेमा ने फैंस से बातचीत की।

## मलयालम एक्टर दिलीप एक्ट्रेस से उत्पीड़न मामले में बरी

कोच्चि



केरल के एर्नाकुलम सेशन कोर्ट ने सोमवार को 2017 में साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस से गैंगरेप मामले में मलयालम एक्टर दिलीप को बरी कर दिया। जज हनी एम. वर्गीस ने कहा कि दिलीप एक्ट्रेस से उत्पीड़न मामले में शामिल नहीं थे।

दिलीप के साथ तीन अन्य आरोपियों को भी अदालत ने बरी कर दिया। कोर्ट ने मुख्य आरोपी सुनील एन.एस. उर्फ़ 'पल्सर सुनी' सहित छह आरोपियों को दोषी ठहराया। इन पर घटना को अंजाम देने का आरोप था। कोर्ट 12 दिसंबर को दोषियों के खिलाफ फैसला सुनाएगी। दिलीप ने कोर्ट से बाहर आने के बाद मीडिया से कहा- मेरी छवि और करियर खत्म करने के लिए मेरे खिलाफ साजिश रची गई थी। एक्टर ने किसी का नाम लिए बिना कहा- एक सीनियर महिला पुलिस अधिकारी और उसके चुने गए कुछ गुंडे पुलिसवालों के एक ग्रुप ने मुझे फंसाया।

# इंडिगो संकट: 7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल, इंडिगो का 100 प्रतिशत नेटवर्क रीस्टोर का दावा

### राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री बोले- सख्त एक्शन लेंगे

नई दिल्ली




देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं।

एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के ष्टश्वह्र पीटर एल्बर्स ने कहा- हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसंबर तक ऑपरेशन नॉर्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। फ्लाइट ऑपरेशंस 91% ऑन टाइम चल रहा है जो कि रविवार से 75% ज्यादा है।

उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है। हम ऐसा एक्शन लेंगे जो दूसरों के लिए मिसाल बने। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें इंडिगो की फ्लाइट के अंदर कबूतर उड़ता दिखाई दे रहा है। ये फ्लाइट बेंगलुरु से वडोदरा जा रही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत सरकार पहले ही इस मुद्दे पर एक्शन ले चुकी है। मामले की सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने बताया कि इंडिगो ने सोमवार दोपहर तक 4500 बैग डिलीवर किए हैं और अगले 36 घंटों में यात्रियों को बाकी 4,500 बैग डिलीवर करने का टारगेट है। सोमवार को 138 में से 137 डेस्टिनेशन के लिए 1,802 फ्लाइट्स ऑपरेट करने का प्लान है।

पूरे देश में फ्लाइट में रुकावट के लिए केंद्र को ज़िम्मेदार ठहराते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि यात्री इस मुद्दे पर कोर्ट भी जा सकते हैं। बनर्जी ने कहा कि प्लानिंग की कमी के कारण स्थिति बिगड़ गई है। यह एक आपदा है। केंद्र इसके लिए जिम्मेदार है।

### कंपनी का दावा- पायलट पर्याप्त, बफर कम

इंडिगो ने कहा- मौजूदा संकट की वजह जानने के लिए 'रूट कॉज एनालिसिस' होगा। एक अधिकारी ने बताया, नई एफडीटीएल व्यवस्था लागू होने के चलते क्रू प्लानिंग में बफर की कमी संकट का प्रमुख कारण रही। हमारे पास पायलटों की कमी नहीं। बस दूसरी एयरलाइन जितना 'बफर' स्टाफ नहीं था। संसद की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मामलों की समिति भी इंडिगो और डीजीसीए के अधिकारियों को तलब कर सकती है। एयरलाइन ने एक बयान जारी कर ये भी बताया कि कंपनी ने 4 दिसंबर को ही क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बनाया था जो रोज समस्या को हल करने के लिए मीटिंग्स कर रहा है। इंडिगो ने कहा कि 5 से 15 दिसंबर तक की गई बुकिंग कै पूरा रिफंड कर दिया गया है।

### जयपुर, जोधपुर, उदयपुर से इंडिगो की 20 फ्लाइट कैंसिल


जयपुर, उदयपुर और जोधपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो की कुल 19 फ्लाइट रद्द हुई। वहीं दिल्ली से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (ढ्वङ्ग - 2843) भी सोमवार को रद्द हुई। इंडिगो की जयपुर एयरपोर्ट पर 10 और जोधपुर एयरपोर्ट पर 6 फ्लाइट रद्द हुईं।

### लोकसभा में इंडिगो को लेकर हंगामा, विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा

विपक्ष ने लोकसभा में मांग की कि सरकार देश को बताए कि इंडिगो फ्लाइट में रुकावट और देश भर के अलग-अलग एयरपोर्ट पर लोगों को हो रही परेशानी के बाद वह क्या कर रही है। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू आज या कल लोअर हाउस में इस मामले पर डिटेल में बयान देंगे।

## राजस्थान में बादलों ने रोकी बर्फीली हवा की रफ्तार

जयपुर



राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्के बादलों की आवाजाही से उत्तरी हवा की रफ्तार कमजोर हो गई है। इससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने से सर्दी कम हो गई है। अलवर समेत कई जिलों में सोमवार सुबह फसलों पर ओस जम गई।


बाड़मेर के बाद रविवार को चित्तौड़गढ़ में भी दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सीकर, फलोदी, चूरू में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले एक-दो दिन इसी तरह का तापमान रहने और राज्य में कोल्ड-वेव से राहत रहने की संभावना जताई है। जबकि अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान रविवार को सबसे कम तापमान फतेहपुर में 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फतेहपुर के अलावा लूणकरणसर और माउंट आबू (सिरोही) ऐसे शहर रहे, जहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान 6.8, चूरू में 6.3, करौली में 6.4, दौसा में 6, सिरोही में 7.3, झुंझुनूं में 7.2, वनस्थली (टोंक) 6.4, चित्तौड़गढ़ में 8.3, उदयपुर में 8.6, श्रीगंगानगर में 8.5, बारां में 8.9, जालोर, अजमेर में 8.8, भीलवाड़ा में 8.6, पिलानी में 7.6, जयपुर में 10.6 और कोटा में 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### पश्चिमी जिलों में छाए बादल

रविवार को दिन में जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर और बाड़मेर के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे। ऊंचाई वाले हल्के बादल छाने से इन एरिया में दिन में धूप थोड़ी कमजोर रही। सबसे अधिक अधिकतम तापमान जोधपुर में 32.3, बाड़मेर में 32, चित्तौड़गढ़ में 30.4, जालोर में 30.9, जैसलमेर में 29.6, अजमेर में 28.8, जयपुर में 28.2, कोटा में 27.2, उदयपुर में 27.9, बीकानेर में 28.4 और फलोदी में 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## मस्जिद का शिलान्यास राजनीतिक दल के समर्थन के बिना संभव नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा



कोलकाता (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद के शिलान्यास से राजनीतिक हताशा की बू आ रही है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि 6 दिसंबर को 'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस दिन सच्ची सद्भावना और अच्छा माहौल होना चाहिए। अपने निर्वाचन क्षेत्र आसनसोल में सिन्हा ने कहा कि बंगाल में आज के दिन अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद का शिलान्यास और टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा लोगों को इकट्ठा करना, राजनीतिक हताशा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कुछ लोगों की राजनीतिक चाल या राजनीतिक हताशा है और किसी विशेष राजनीतिक दल के समर्थन के बिना यह संभव नहीं है। टीएमसी ने अपने भरतपुर विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया है, जिन्होंने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली एक मस्जिद की आधारशिला रखी, जिससे राज्य में राजनीतिक तापमान बढ़ गया है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। सिन्हा ने कहा कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा राजनीतिक लाभ लेने के लिए उठाया जा रहा है।

## डिग्री योग्यता का प्रमाण नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नईदिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है। किसी उम्मीदवार को केवल डिग्री के आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। यदि आवश्यक मुख्य विषय की पढ़ाई उसने की है। ऐसी स्थिति में उसे अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एम काम की शिक्षा पास एक उम्मीदवार की नियुक्ति बहाल की है। जिसे मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन कंसल्टेंट के पद से इसलिए हटा दिया गया था। उसके पास पीजी की सांख्यिकी विषय की डिग्री नहीं थी। उसने एम काम में बिजनेस स्टैटिसटिक्स और इंडियन इकोनॉमिक स्टैटिसटिक्स मुख्य विषय के रूप में पढे थे। कोर्ट ने कहा डिग्री के नाम पर जोर देना, असल पढ़ाई को नजर अंदाज कर देना है। सुप्रीम कोर्ट ने सांख्यिकी की डिग्री नहीं होने के बाद भी उसकी नियुक्ति को सही ठहराया।

## उड़ीसा में पांचवीं छात्रा ने की आत्महत्या

भुवनेश्वर(एजेंसी)। उड़ीसा में अभी तक पांच छात्राओं ने आत्महत्या करके अपने जीवन को समाप्त किया है। हाल ही में सुंदरगढ़ जिले में स्नातक कोर्स के दूसरे वर्ष की पढ़ाई करने वाली एक छात्रा ने आत्मदाह कर लिया है। यह छात्रा 90 फ़ीसदी जल गई। अभी उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पिछले 6 माह में उड़ीसा राज्य में यह पांचवीं घटना है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक 25 साल के युवा को गिरफ्तार किया है। जो उसे परेशान कर रहा था। घटना शुक्रवार की रात को तब घटी, जब परिवार के सदस्य सो रहे थे। छात्रा ने आग लगाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। 90 फ़ीसदी जलने के कारण उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं है।

## एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ की ब्रेन हेमरेज से मौत, कॉलेज में थे शिक्षक


गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के लिए बीएलओ के रूप में तैनात एक जीव विज्ञान शिक्षक की मोदीनगर के नेहरू नगर स्थित उनके आवास पर कथित तौर पर ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि मोदी विज्ञान एवं वाणिज्य इंटर कॉलेज के शिक्षक लाल मोहन सिंह (58) को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की ड्यूटी पर लगाया गया था। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि लालमोहन सिंह अस्वस्थ थे और घर-घर जाकर सत्यापन कार्य के कारण काफी दबाव में थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि यह काम किसी भी कीमत पर पूरा किया जाना चाहिए। वह तनाव में काम कर रहे थे। मोदीनगर के एसीपी ने कहा कि एसडीएम मोदीनगर ने सूचित किया कि लाल मोहन सिंह की शुक्रवार रात ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। एसडीएम घटना के बाद के प्रशासनिक पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

## फिर बिगड़ी आजम खान की तबीयत, जांच कराने से किया इनकार, बैरंग लौटे डॉक्टर

रामपुर (एजेंसी)। जेल में बंद चल रहे सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की तबीयत बिगड़ गई है। जब दो डॉक्टर उपचार करने के लिए जेल अस्पताल पहुंचे तो आजम खान ने जांच करवाने से इनकार कर दिया। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आजम खान ने इससे पहले परिवार वालों से मिलने से भी मना कर दिया था। उन्हें दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा हुई है, वहीं उनके बेटे अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में सात साल की सजा मिली है। इस मामले में जेल प्रशासन की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को जिला अस्पताल से जनरल फिजीशियन डॉ हसीब और सर्जन डॉ आरिफ रसूल आजम खान का स्वास्थ्य परीक्षण करने जिला कारागार पहुंचे थे, लेकिन आजम ने जांच कराने से साफ इनकार कर दिया। इस वजह से दोनों डॉक्टरों को खाली हाथ लौटना पड़ा। एक दिन पहले नेत्र सर्जन ने उनकी आंखों की जांच की थी। जेल प्रशासन आजम खान की सेहत को लेकर चिंतित है और उन्हें लगातार दवाइयां दी जा रही हैं। जेल जाने से पहले भी आजम खां की तबीयत ठीक नहीं थी और वे दिल्ली अस्पताल में इलाज करा चुके हैं। दूसरी तरफ भारतीय सेना पर विवादित बयान देने के आठ साल पुराने मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में बहस पूरी हो गई है। कोर्ट ने इस मामले में 11 दिसंबर को फैसला सुनाएगी। यह मामला 2017 का है, जब आजम खान पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना के खिलाफ विवादित बयान देने का आरोप लगा था। बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# 10 सबसे प्रदूषित शहरों में गाजियाबाद टॉप पर, यह प्रदूषण पूरे एनसीआर में फैला

### -दिल्ली के स्मॉग के लिए ट्रांसपोर्ट, इंडस्ट्री और पावर जनरेशन मुख्य कारण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में नवंबर सबसे प्रदूषित महीना रहा। इस दौरान भारत के टॉप 10 सबसे प्रदूषित शहरों में गाजियाबाद इस सूची में सबसे ऊपर रहा, जबकि राजधानी दिल्ली चौथे नंबर पर आई। एक रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा के बहादुरगढ़ को छोड़ दें तो टॉप 10 शहरों में से किसी में भी एक दिन भी हवा साफ नहीं रही। यह प्रदूषण पूरे एनसीआर में फैला है और एक शहर का प्रदूषण दूसरे शहरों की हवा को भी खराब कर रहा है।

दिल्ली में नवंबर में पीएम2.5 का औसत स्तर 215 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटररहा, जो अक्टूबर के मुकाबले दोगुना था। अक्टूबर में यह स्तर 107 था। दिल्ली में 23 दिन हवा बहुत खराब श्रेणी में रही और 6 दिन गंभीर श्रेणी में। इससे पता चलता है कि सर्दियों में स्मॉग यानी धुएं और कोहरे का मिश्रण कितना खतरनाक हो जाता है। गाजियाबाद में नवंबर में पीएम2.5 का औसत स्तर 224 दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय सुरक्षित सीमा से तीन गुना से भी ज्यादा है। गाजियाबाद में 19 दिन हवा बहुत खराब और 10 दिन गंभीर रही। इस लिस्ट में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बहादुरगढ़, हापुड़, बागपत, सोनीपत, मेरठ और रोहतक जैसे शहर भी शामिल थे। इस तरह एनसीआर देश का सबसे प्रदूषित इलाका बन गया। यूपी के 6 शहर टॉप 10 में थे, हरियाणा के 3 और दिल्ली का 1 शहर।

एनालिस्ट मनोज कुमार ने कहा कि पराली जलाने का असर काफी कम होने के बावजूद, एनसीआर के 29 शहरों में से 20 में पिछले साल से ज़्यादा प्रदूषण रहा। कई शहरों में तो एक दिन भी हवा राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक मानकों के अंदर नहीं रही। इससे साफ पता चलता है कि प्रदूषण के मुख्य कारण साल भर रहने वाले स्रोत हैं, जैसे कि गाड़ियां, इंडस्ट्री, पावर प्लांट और दूसरी तरह के जलने वाले स्रोत। अगर इन क्षेत्रों में प्रदूषण कम नहीं किया गया, तो शहर लगातार मानकों को तोड़ते रहेंगे।

यह बात गौर करने वाली है कि इस नवंबर में दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान काफी कम रहा। पिछले साल जहां यह 20फीसदी था, वहीं इस साल यह औसतन 7फीसदी रहा। सबसे ज्यादा योगदान भी 38फीसदी से घटकर 22फीसदी हो गया। इससे यह संकेत मिलता है कि अब दिल्ली के स्मॉग के लिए स्थानीय, साल भर रहने वाले स्रोत जैसे कि ट्रांसपोर्ट, इंडस्ट्री और पावर जनरेशन मुख्य कारण बन गए हैं।

## अब कांग्रेस को बाय-बाय करेंगे सिद्धू बोले- पंजाब में सीएम पद को लेकर भारी घमासान

चंडीगढ़, । पंजाब कांग्रेस की आतंरिक कलह अब सड़क पर आ गई है। कांग्रेस नेता नवजोत कौर सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस के भीतर चल रहे गहरे आंतरिक मतभेदों को खुलकर सामने ला दिया है। उन्होंने दावा किया है कि पार्टी के भीतर ही पांच नेता मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं और वे अपनी ही पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं। नवजोत कौर सिद्धू ने नवजोत सिंह सिद्धू की पार्टी में वर्तमान स्थिति और भविष्य को लेकर चौंकाने वाले बयान दिए हैं। नवजोत कौर सिद्धू ने चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से अपनी मुलाकात के बारे में भी जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि तथाकथित वीवीआईपी ने शिवालिक रेंज में बड़े पैमाने पर जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इसे वैध बनाने जा रहे हैं, जो वह नहीं कर सकते, क्योंकि यह जमीन सरकार की है। उनका दूसरा मुद्दा कानून व्यवस्था से संबंधित था, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। तीसरा मुद्दा पंजाब यूनिवर्सिटी से संबंधित था। उनका चौथा बिंदु यह था कि नए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, पांच नेता पहले से ही मुख्यमंत्री की दौड़ में हैं, जो अपनी ही पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी पंजाब कांग्रेस में प्रमुख नेताओं के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष और गुटबाजी को उजागर करती है।उन्होंने कहा कि नवजोत सिद्धू भावनात्मक रूप से कांग्रेस और प्रियंका गांधी से जुड़े हुए हैं, लेकिन भारी गुटबाजी के कारण उन्हें कोई भूमिका नहीं मिलेगी। उन्होंने सिद्धू के भविष्य पर टिप्पणी करते हुए कहा, अगर कोई पार्टी हमें कोई भूमिका देती है, तो हम पंजाब को फिर से सोना बना सकते हैं। अगर कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री बनाती है तो वह वापस लौट आएंगे। अन्यथा वह जीवन में खुश हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बिहार में तांडव: फार्म हाउस में तोड़-फोड़, लूट और आगजनी, चार गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने एक बार फिर खौफ फैलाया है। बेतिया के मैनाटांड़ थाना क्षेत्र स्थित चिउटाहा गांव में गैंग के शातिर सदस्य शशांक पांडेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे किसान जिशान जुल्फेकार के फार्म हाउस पर हमला बोल दिया। लगभग दो सौ की संख्या में हथियारों से लैस गुंडों ने चहारदीवारी तोड़ दी, मवेशी और रखा हुआ धान-गेहूं लूट लिया तथा पूरे फार्म हाउस को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित जिशान जुल्फेकार ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि शशांक पांडेय ने पिस्टल कनपटी पर सटाकर जान से मारने की धमकी दी और रंगदारी के रूप में पूरा फार्म हाउस अपने नाम करने को कहा। जब पड़ोस में रहने वाली सहबुन खातून ने विरोध किया तो शशांक ने उसकी कनपटी पर पिस्टल टिका दी और साथी अविनाश मिश्रा ने रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। हमलावरों ने सहबुन के घर से आभूषण और नकदी सहित कीमती सामान भी लूट लिया। सूचना मिलते ही नरकटियागंज एसडीएम सूर्यप्रकाश गुप्ता, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता सहित भारी पुलिस बल और एसएसबी के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी शशांक पांडेय, अविनाश मिश्रा, हरिराज मांझी और रघु मांझी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इलाके में तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस ने कैंप कर रखा है। एफआईआर में शशांक पांडेय सहित कुल 16 लोग नामजद किए गए हैं, जिनमें दीपेंद्र कुमार, दीपक कुमार, धीरेंद्र मांझी, महंत मांझी, बली राम पटेल, सकलो मांझी, राधिका देवी, विजय साह आदि शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## हुमायूं पर भड़की ममता कहा- सांप्रदायिक नफरत भड़काने वालों के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास ने प्रदेश की राजनीति को तेज कर दिया है। इसकी शुरुआत टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूँ कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव रखकर शुरुआत कर दी। इस पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ शब्दों में कहा है कि सांप्रदायिक माहौल खराब करने वालों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। इसी खींचतान के बीच शनिवार 6 दिसंबर को संहति दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल की सदियों पुरानी सह-अस्तित्व की परंपरा को रेखांकित किया और एकता और सद्भाव की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए याद दिलाया कि बंगाल की पहचान अनेकतावाद में निहित है। बनर्जी ने लिखा, मैं संहति दिवस/संप्रीति दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई देती हूँ। बंगाल एकता की धरती है, टैगोर, नज़रुल, रामकृष्ण और विवेकानंद की धरती है। यह मिट्टी कभी भी विभाजनकारी ताकतों के सामने नहीं झुकी है और न कभी झुकेगी।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस छह दिसंबर को बाबरी मस्जीद गिराए जाने की याद में संहति दिवस मनाती है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम अपनी खुशियाँ साझा करते हैं क्योंकि हमारा मानना है कि धर्म व्यक्तिगत है, लेकिन त्योहार सभी के लिए हैं। सांप्रदायिक नफरत की आग भड़काने और देश को नष्ट करने वालों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। आइए, हम सब शांति और सद्भाव बनाए रखें।मुख्यमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया जब पार्टी के निष्कासित विधायक हुमायूँ कबीर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की शैली में एक मस्जिद की आधारशिला रख रहे थे। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम का उद्देश्य मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे अल्पसंख्यक-बहुल जिलों में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करना है। इस घटनाक्रम से राज्य में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है भाजपा के समर्थक और तृणमूल कांग्रेस के समर्थक एक दूसरे के आमने सामने आकर खड़े हो गये हैं। दोनों पक्षों के इस रूख से राज्य के पहले से तनावपूर्ण सांप्रदायिक परिस्थितियों में तनाव और गहरा हो गया है।

भाजपा समर्थक संगठन भी अपनी शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक विशाल धार्मिक समागम आयोजित किया जा रहा है, जहाँ लगभग पाँच लाख लोगों के एकजुट होकर भगवद्गीता का पाठ करने की उम्मीद है। विशेषज्ञ इस कार्यक्रम को आगामी विधानसभा चुनावों के पहले हिंदू मतदाताओं को मजबूत करने के लिए एक बड़े प्रयास के रूप में देख रहे हैं। पंच लक्ष कंठे गीतापाठ (पाँच लाख कंठों से गीता पाठ) नामक यह कार्यक्रम विभिन्न धार्मिक संगठनों की एक छत्र संस्था सनातन संस्कृति संसद द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस सामूहिक पाठ को बंगाल में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक पाठ बताया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री और पद्म भूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने वाले हैं। बंगाल के



राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। आयोजकों ने हालांकि इस कार्यक्रम को विशुद्ध रूप से धार्मिक पहल बताया है, लेकिन भाजपा की प्रमुख हस्तियों की भागीदारी ने इसके राजनीतिक उद्देश्य के बारे में अटकलों को जन्म दिया है। सूत्रों ने पुष्टि की कि भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी जैसे वरिष्ठ नेताओं के इस आयोजन में शामिल होने की संभावना है।बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखे जाने और भाजपा के व्यापक गीता पाठ कार्यक्रम दोनों के लगभग साथ-साथ होने से बंगाल का राजनीतिक संघर्ष तीव्र हो गया है और प्रत्येक खेमा अपने मूल मतदाताओं को सक्रिय करने के लिए धार्मिक प्रतीकों का उपयोग कर रहा है, क्योंकि जल्द ही राज्य में चुनाव होने वाले हैं।

## कब तक भारत में शरण लेकर रहेंगी शेख हसीना, जयशंकर ने कहा... वे जब तक चाहें रह सकती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में ठहरने को उनकी निजी पसंद बताया। उन्होंने कहा कि इसका निर्णय उन परिस्थितियों से जुड़ा है जिनके चलते वे भारत आईं। 78 वर्षीय शेख हसीना बीते साल अगस्त में भारत आई थीं, जब बांग्लादेश में उनकी 15 साल की सत्ता का अंत हिंसा के बीच हुआ था। एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने शेख हसीना के भारत में लंबे समय तक रहने और भारत-बांग्लादेश संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शेख हसीना का भारत में रहना मूलतः उनका व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन जिन परिस्थितियों में वे सत्ता छोड़कर भारत आईं वे इस फैसले के पीछे महत्वपूर्ण कारक हैं। लेकिन फिर भी, अंतिम फैसला उन्हें ही करना है।



विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने शेख हसीना को आश्वासन दिया है कि वह जब तक चाहें, भारत में रह सकती हैं। भारत सरकार ने पहले भी कई बार कहा है कि मानवीय आधार पर हसीना को शरण दी गई है और उनकी सुरक्षा तथा सुविधा का पूरा ध्यान हमारी सरकार रख रही है।

भारत-बांग्लादेश संबंधों के संदर्भ में जयशंकर ने पड़ोसी देश में लोकतंत्र की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरिम सरकार के नेताओं ने खुद माना था कि उनका मुख्य विरोध पिछले चुनावों (जनवरी 2024) के तरीके से था। विदेश मंत्री ने दोनों देशों के रिश्तों को लेकर आशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत की शुभकामना है कि बांग्लादेश तरक्की करे। एक लोकतांत्रिक देश के रूप में हम चाहते हैं कि पड़ोसी देश में भी जनता की इच्छा का सम्मान लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया जाए। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जो भी परिणाम आएगा, उसमें भारत-बांग्लादेश संबंधों को लेकर संतुलित और परिपक्व दृष्टिकोण होगा और उम्मीद है कि रिश्ते और बेहतर होने है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कई बार हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन भारत ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत हसीना को प्रत्यर्पित करने के बजाय बांग्लादेश में स्थिर और भारत-अनुकूल सरकार की वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है। फिलहाल, शेख हसीना का भारत में रहना और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध अगले कुछ महीनों में होने वाले संभावित चुनावों पर काफी हद तक निर्भर करेगा।

## बाबरी मस्जिद का शिलान्यास नया विवाद, बाबा रामदेव ने कहा - बाबर का महिमामंडन करने वाले देश के गद्दार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूँ कबीर ने 6 दिसंबर को एक नई बाबरी मस्जिद का शिलान्यास करके पूरे देश में तीखी बहस छेड़ दी है। यह वही तारीख है जब 1992 में अयोध्या की विवादित बाबरी ढांचा कारसेवकों ने ढहा दिया था। जानबूझकर इसी तारीख का चयन करने को कई लोग उकसावे की कार्रवाई मान रहे हैं, जबकि हुमायूँ कबीर इसे अपना संवैधानिक अधिकार बता रहे हैं।



इस घटना पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया योग गुरु बाबा रामदेव की आई। रामदेव ने बिना नाम लिए हुमायूँ कबीर और ऐसे सभी लोगों पर करारा हमला बोला जो बाबर का महिमामंडन करते हैं। उन्होंने कहा, ÷बाबर इस देश का नहीं था। जो लोग भी उसका गुणगान करते हैं, वे भारत के गद्दार हैं। 6 दिसंबर गुलामी के प्रतीकों को मिटाने का दिन है। भारत की जनता अब जाग गई है, वह किसी विदेशी आक्रमणकारी का महिमामंडन बर्दाश्त नहीं करेगी। रामदेव ने आगे कहा, यह देश महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सनातन धर्म और भगवान शिव का है, बाबर का नहीं। बाबर एक क्रूर विदेशी लुटेरा था। हम इस्लाम या मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि बाबर न इस्लाम का सच्चा अनुयायी था और न ही वह मुसलमानों का प्रतिनिधि था। उसका नाम लेकर मस्जिद बनाना या उसकी तारीफ करना गलत है।


दूसरी ओर हुमायूँ कबीर ने अपने कदम का पुरजोर बचाव किया है। शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा, संविधान मुझे धार्मिक स्थल बनाने का पूरा अधिकार देता है। कोई मंदिर बना सकता है, कोई चर्च बना सकता है, तो मैं मस्जिद क्यों नहीं बना सकता? सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि बाबरी ढांचा हिंदू कारसेवकों ने गिराया था और हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए वहाँ राम मंदिर बन रहा है। लेकिन संविधान मुझे भी मस्जिद बनाने की इजाजत देता है। इसमें असंवैधानिक कुछ नहीं है। कबीर ने दावा किया कि उनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन ये मामले मस्जिद के निर्माण को नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने कहा, जिसे अल्लाह का साथ हो, उसे कोई नहीं रोक सकता। अदालतें भी कह चुकी हैं कि भारत में मस्जिद बनाने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित 'नई बाबरी मस्जिद'का बजट लगभग 300 करोड़ रुपये है। मस्जिद के साथ-साथ एक बड़ा अस्पताल, अतिथि गृह और सभा भवन भी बनाया जाएगा। उनका कहना है कि यह परियोजना केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा का भी बड़ा केंद्र बनेगी। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर देश में धार्मिक स्थलों, इतिहास और संवैधानिक अधिकारों को लेकर पुरानी बहस को हवा दे दी है। एक पक्ष इसे 6 दिसंबर की तारीख के साथ जानबूझकर किया गया उकसावा मान रहा है तो दूसरा पक्ष इसे मौलिक धार्मिक स्वतंत्रता का मामला बता रहा है। दोनों ओर से तीखी बयानबाजी के बीच पश्चिम बंगाल की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूँ कबीर को पहले ही पार्टी से निलंबित कर रखा है, जिससे यह संकेत देता है कि ममता बनर्जी की पार्टी इस विवाद से दूरी बनाए रखना चाहती है।

## हाईकोर्ट की तीखी टिप्पणी कहा- भारत में है सबसे ज्यादा नस्ल और रंगभेद

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय समाज दुनिया में सबसे ज्यादा नस्लवाद और रंगभेद करने वाले समाजों में से एक है। यह कर्नाटक हाईकोर्ट की तरफ से टिप्पणी शुक्रवार को की गई। कोर्ट ने कहा कि हम भारतीय भले ही कई बार दूसरों के ऊपर नस्लवाद और रंगभेद का आरोप लगाते हैं लेकिन असल में हम सबसे बड़े नस्लवादी और रंगभेदी हैं। जस्टिस अरुण ने भारत की गुलामी के लिए भी नस्लवादी और रंगभेदी सोच को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, कुछ हजार अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने हमें इसलिए गुलाम बना लिया था क्योंकि हमारे भीतर उस समय भारतीयता का कोई बोध नहीं था। 200 साल की गुलामी के बाद जैसे ही वह भाव आया, हमने अँग्रेजों को भगा दिया। अब प्राइवेट कंपनियों और कॉरपोरेट सेक्टर का नव-उपनिवेशवाद शुरु हो गया है। इसका कारण फिर वही है... क्योंकि हम फिर उसी पुरानी आदत पर लौट आए हैं... इंसान को इंसान के रूप में न देखना। जस्टिस अरुण ने राजनीतिक प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाज के इसी रवैये की वजह से राजनीतिक पार्टियां भी इसके अनुसार ही नेताओं का चयन करती हैं। उन्होंने कहा, हम हर समुदाय को अलग प्रजाति की तरह देखते हैं और उसी के आधार पर भेदभाव करते हैं। इसी वजह से राजनीति में टिकट देने के समय भी पार्टियां उम्मीदवार की योग्यता से ज्यादा उसके समुदाय को महत्व देती हैं। हम कहते हैं की नेता भ्रष्ट हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि लोकतंत्र में जनता को वही नेता मिलता है जिसके वह योग्य होते हैं।

एंकर सुधीर चौधरी बनाम कर्नाटक राज्य केस की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरुण ने कहा कि हम भारतीयों की इसी मानसिकता की वजह से भारत में समुदाय आधारित राजनीति और तुष्टिकरण की नीतियां बहुत आम हैं। उन्होंने कहा, हम भारतीयों की... हमारे हर समुदाय की यही समस्या है कि हम नहीं समझते कि यहां केवल एक ही प्रजाति है, जिसे होमो सेपियंस कहते हैं। हम दुनिया की सबसे बड़े नस्लवादी समाजों में से एक हैं। हम दूसरे समाजों पर नस्लवाद और रंगभेद का आरोप लगाते हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि हम भी किसी से कम नहीं है।

हाई कोर्ट की यह टिप्पणी न्यूज एंकर सुधीर चौधरी के केस में की, जिसमें उन्होंने 2023 में दर्ज किए गए एक हेट स्पीच केस को रद्द करने की मांग की थी। चौधरी पर आरोप था कि उन्होंने कर्नाटक सरकार की स्वावलंबी सारथी योजना पर झूठी और भड़काऊ रिपोर्ट चलाई है।जस्टिस अरुण ने पूछा कि क्या रिपोर्ट में सच में ऐसा कोई तथ्यात्मक झूठ था? क्या रिपोर्ट में यह था कि यह योजना केवल एक ही समुदाय को लाभ पहुंचाकर हिंदुओं को वंचित कर रही है। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि शो में मुस्लिम समुदाय का दानवीकरण किया गया और उनके खिलाफ घृणा फैलाई गई। हालांकि, जस्टिस अरुण ने कहा कि राज्य




और शिकायतकर्ता यह साबित नहीं कर पाते कि रिपोर्ट में स्पष्ट झूठ कहा गया था तो चैनल और एंकर को राहत मिल सकती है।अंतरिम आदेश पारित करते हुए जस्टिस अरुण ने कहा कि भले ही प्रतिवादी इस बात का दावा कर रहे हों कि भड़काऊ सामग्री है, लेकिन वह इसे साबित करने में सक्षम नहीं है कि कौन सा तथ्य झूठ है। इस मामले की सुनवाई अब 13 जनवरी 2026 को होगी।

# रमा विहार में स्क्रेप व्यापारी की संदिग्ध मौत, गले पर मिले फंदे के निशान

## परिजन बोले- मौत सामान्य नहीं, पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से करवाया शव का पोस्टमार्टम

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** शहर के रमा विहार में रहने वाले और अहमदाबाद के स्क्रेप व्यापारी की रविवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनके गले पर फंदे के निशान मिले हैं। परिजनों का कहना है कि व्यापारी की मौत सामान्य न होकर उनके साथ कोई और घटना घटी है। ऐसे में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर मौत के कारणों की जांच की जाये।

सुभाषनगर थाने के सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाल ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पर बताया कि रमा विहार में रहने वाले गोपाल लाल 43 पुत्र रामलाल तिवाड़ी को रविवार शाम परिजन जिला अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर्स ने गोपाल को मृत घोषित कर दिया। उनके गले पर फंदे के निशान मिले। शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया था।

सोमवार सुबह इस घटना को लेकर नारायण शर्मा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उनके बड़े पिता के बेटे गोपाल की मौत की सूचना रविवार को मिली। नारायण ने कहा कि उन्हें आशंका है कि गोपाल की मौत सामान्य नही है। उनके साथ कोई और घटना घटित हुई है। ऐसे में पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है।

एएसआई राजेंद्र पाल ने बताया कि मृतक के साले हेमेंद्र ने कहा कि गोपाल लाल रविवार को अपने मकान के ही एक कमरे में पंखे से लटक गये थे। परिजनों का पता चलते ही उन्हें फं दे से उतार कर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि गोपाल लाल भीलवाड़ा के रहने वाले हैं और उनका अहमदाबाद में स्क्रैप का कारोबार है। वे, कभी अहमदाबाद तो कभी भीलवाड़ा आकर रहते थे। बीते चार दिन से वे भीलवाड़ा में ही थे।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि गोपाल लाल तीन बच्चों के पिता थे। वे, बच्चों और पत्नी के साथ रहते थे। पूरा परिवार अभी चार दिन से रमा विहार में ही था। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की।

# भीलवाड़ा में फिर हुई चाकूबाजी, गाली गलौच करने से मना किया तो युवक ने चाकू से किया हमला

स्मार्ट हलचल







**भीलवाड़ा।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के नया बापूनगर से रविवार बीती रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है।जहां एक युवक को अलाव तापते वक्त गाली गलौच करने से टोकना एक परिवार को भारी पड़ गया,गुस्से में आवेशित युवक ने पिता पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया।हमले में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए । बीच बचाव में हमलावर आरोपित युवक भी घायल हुआ है । प्रताप नगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के नया बापूनगर में टंकी वाले पार्क के पास रहने वाला सौरभ पुत्र गोविंद झा रविवार रात करीब 10.30 बजे अलाव ताप रहा था। इस दौरान वो बिना वजह गाली-गलौज कर रहा था। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले महेशदास पुत्र गोवर्धन दास विरवानी ने मकान की पहली मंजिल पर खिड़की से आवाज देकर उसे गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर सौरभ झा महेशदास को गाली-गलौज करते हुए नीचे आने पर देख लेने की धमकी देने लगा। बार-बार टोकने पर भी सौरभ नहीं माना तो महेश नीचे आया दोनों में बहस हो गई। इस पर सौरभ अपने घर में गया और सब्जी काटने का चाकू लेकर आ गया। उसने आते ही महेश के सीने, पेट और हाथ पर चाकू से ताबड़तोड वार कर दिए, गंभीर घायल महेश नीचे गिर गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर महेश के बुजुर्ग पिता गोवर्धनदास भी वहां आए तो सौरभ ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। हमले में वो भी घायल हो गए। चाकू छीनने के प्रयास में सौरभ के हाथ पर मामूली चोट आई। आस-पड़ोस के लोगों और पुलिस ने तीनों को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। यहां तीनों जनों को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया। चाकूबाजी में गंभीर घायल महेश की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे उदयपुर हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। वही पुलिस ने आरोपित सौरभ को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद डिटेन कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है ।

# अवैध तरीके से लीज करवाने के मामले मे ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** शहर के उपनगर सांगानेर में स्थित सिंदरी के हनुमान जी और ढाबा देवनारायण जी की भूमि को अवैध तरीके से लीज करवाने के मामले में आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर( शहर) प्रतिभा देवठिया को सांगानेर सहित आसपास के सेकड़ो ग्रामीणों द्वारा एक हस्ताक्षर युक्त 3पेजिय ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त भूमि पर हनुमान जी की सराय,भोजनशाला और दरवाजा बना हुआ है, और चारों ओर पक्की दीवार बनी हुई है। भूमि की लीज गौशाला ट्रस्ट के व्यक्तियों ने करवाई है, जबकि मौके पर पक्के सबूत हैं कि यह भूमि हनुमान जी और देवनारायण जी की है।

**ज्ञापन में लगाए गए आरोपः-** गौशाला ट्रस्ट के व्यक्तियों ने अवैध तरीके से लीज करवाई है। भूमि पर हनुमान जी और देवनारायण जी के पेड़-पौधे हैं। भूमि की लीज के लिए कोई सार्वजनिक नोटिस नहीं दिया गया। भूमि की लीज के लिए कोई सार्वजनिक सुनवाई नहीं की गई। गौशाला ट्रस्ट के व्यक्तियों ने भूमि पर अवैध कब्जा किया है।

ज्ञापन में की गई मांगेंः-भूमि की लीज को निरस्त किया जाए।भूमि को हनुमान जी और देवनारायण जी के नाम पर वापस किया जाए। गौशाला ट्रस्ट के व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# फुटकर व्यापारियों के प्रति फिर भड़का दुकानदारों का गुस्सा, दोपहर तक दुकानें रखी बंद, निगम में आयुक्त नही मिलने से व्यापारी हुए आक्रोशित

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



रविवार को इंद्रा मार्केट और स्टेशन रोड पर स्थित दुकानदारों ने सड़क पर पुराने कपड़े बेचने वालो के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन कर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया था दुकानदारों का आरोप है की सड़क पर पुराने कपड़े बेचने वाले अपनी दादागिरी लगाते है और दुकानों के सामने बैठकर पुराने कपड़े बेचते है जिससे अतिक्रमण तो हो ही रहा है साथ ही उनकी ग्राहकी पर भी प्रभाव पड़ रहा है । पुलिस ओर निगम की समझाइश के बाद रविवार को तो एकबारगीय मामला शांत हो गया था लेकिन सोमवार को फिर से दुकानदारों ने फुटकर व्यापारियों के खिलाफ जंग छेड़ दी और विरोध में अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों को दोपहर तक बंद रखा । दुकानदारों ने जोरदार प्रदर्शन किया और रैली निकालकर नगर निगम पहुंचे जहां आयुक्त को ज्ञापन देना था लेकिन आयुक्त के सीट पर नही होने से दुकानदारों में और भी आक्रोश फैल गया तत्पश्चात सभी ने निगम परिसर में बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया । व्यापारियों ने आरोप लगाया है की सड़क पर पुराने कपड़े बेचने वालो को सड़क किनारे बैठने की कहते है तो वह उल्टा दादागिरी करते है और अतिक्रमण ने दुकानदारों की मुश्किल बढ़ा दी है प्रशासन को भी कई बार समस्या बताई लेकिन समाधान तो नही निकला उल्टा यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ गई है इनके अतिक्रमण से लोगो का आवागमन भी बाधित हो रहा है वाहन चालकों को भी समस्या आती है जिला कलेक्टर को भी दुकानदारों ने ज्ञापन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है । व्यापारियों ने चेतावनी दी है की अबकी बार जल्दी ही समस्या का समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# जिला परिषद व पंचायत समितियों में प्रशासक नियुक्त

कलक्टर संभालेंगे जिला परिषद की बागडोर

एसडीएम देखेंगे पंचायत समितियों के कामकाज

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार ने जिला परिषदों एवं पंचायत समितियों के कार्यकाल 11 दिसंबर 2025 को पूर्ण होने के मद्देनज़र महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। अपरिहार्य कारणों से निर्धारित अवधि में चुनाव सम्पन्न नहीं हो पाने की स्थिति में, प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने हेतु राज्य सरकार ने प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

### जिला परिषदों में जिला कलक्टर होंगे प्रशासक

जारी अधिसूचना के तहत राज-स्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 95 एवं 101 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकार ने राज्य की सभी ऐसी जिला परिषदों में, जिनका कार्यकाल 11दिसम्बर .2025 तक समाप्त हो रहा है, संबंधित जिला कलक्टर को प्रशासक नियुक्त किया है।प्रशासक की कार्यावधि नवनिर्वाचित जिला परिषद की प्रथम बैठक के ठीक एक दिन पूर्व तक प्रभावी रहेगी।

### पंचायत समितियों में उपखण्ड अधिकारी होंगेप्रशासक

इसी क्रम में, उन्हीं प्रावधानों के तहत राज्य की सभी पंचायत समितियों में, जिनका कार्यकाल 11 दिसम्बर 2025 को पूर्ण हो रहा है, संबंधित जिला कलक्टर को यह अधिकार दिया गया है कि वे अधिनियम की धारा 98 के तहत संबंधित उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) को प्रशासक नियुक्त करें।इन प्रशासकों की कार्यावधि भी नवनिर्वाचित पंचायत समिति की प्रथम बैठक के ठीक पूर्ववर्ती दिन तक निर्धारित की गई है।

# बस स्टैंड से भूत बावजी तक जाम की समस्या, अतिक्रमण हटाया

स्मार्ट हलचल| गंगापुर




कस्बे में बस स्टैंड से भूत बावजी मंदिर तक आए दिन लगने वाले जाम को लेकर सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज खटीक के नेतृत्व मुख्य सड़क मार्ग के दोनों और लगने वाले सब्जी के हाथ ठेलों को मौके से हटाया गया। सड़क मार्ग को सुचारु किया गया। सड़क मार्ग पर खड़े हुए वाहनों को भी मौके से हटाया गया। कई वाहनों को पुलिस चौकी पहुंचा गया जो सड़क मार्ग के बीचो-बीच खड़े थे। जिसके कारण वाहनों की निकासी में परेशानी हो रही थी। वहीं दुकानों के बाहर रखा हुआ सामान भी सीमा में रखने को लेकर व्यापारियों को पाबंद किया गया। सांखला कोम्प्लेक्स के बाहर पार्किंग व सड़क मार्ग पर खड़े हुए वाहनों को पार्किंग में व्यव-स्थत लगाने के लिए कोम्प्लेक्स के प्रतिनिधि को बुलाकर पाबंद किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल, गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय सहित पुलिस जाता मौके पर तैनात रहा।

### रोजाना लगाई जाएगी पुलिस की गश्त

गंगापुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज खटीक ने बताया कि बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक लगातार जाम की शिकायत मिल रही है। सड़क मार्ग पर दोनों और अतिक्रमण के चलते मार्ग से वाहनों की निकासी में परेशानी आ रही है। लगातार पुलिस द्वारा गस्त की जाएगी, निगरानी रखी जाएगी ताकि सड़क मार्ग पर अतिक्रमण को रोका जा सके, जिससे यातायात सुचारू रहे।

# स्वरूपगंज गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग,70 लाख का माल राख



स्मार्ट हलचल| मंगरोप

सोमवार तड़के स्वरूपगंज स्थित रीको ग्रोथ सेंटर की नीता एंटरप्राइजेज गत्ता फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। घने धुएं के गुबार ने कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। अल सुबह काम पर मौजूद मजदूरों ने स्थिति बिगड़ती देख तुरंत हमीरगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थानाप्रभारी सुनील बेड़ा मौके पर पहुंचे और हालात गंभीर देखकर तत्काल अग्निशमन विभाग को बुलाया। दमकल वाहनों ने पहुंचकर करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस व अग्निशमन दल ने समय रहते आग की लपटों को दूसरे शेड और आसपास की यूनिटों तक फैलने से रोककर बड़ा हादसा टाल दिया। इस कार्य में स्वरूपगंज चौकी प्रभारी विकास, कांस्टेबल नाहरसिंह सहित टीम के जवानों ने अहम भूमिका निभाई।फैक्ट्री प्रबंधक मनीषा जैन ने बताया कि आग में मशीनरी, कच्चा माल और तैयार गत्ते का स्टॉक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 70 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने की आशंका है। आग कैसे लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस तकनीकी और अन्य पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है।फैक्ट्री क्षेत्र में अचानक लगी इस आग ने स्थानीय उद्योगों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद आसपास की अन्य इकाइयों के संचालकों ने भी सुरक्षा उपायों को लेकर चिंता जताई है।

# सामाजिक अंकेक्षण सर्वे से मुक्त रखने की मांग, नारेबाजी कर सौपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के बीएलओ ने उन्हें सामाजिक अंकेक्षण सर्वे से मुक्त रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। बीएलओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में सोमवार को क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों ने उपखण्ड कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए उपखण्ड अधिकारी के प्रतिनिधि को सौपे अपने ज्ञापन में बताया कि सभी बीएलओ वर्तमान में एस आई आर के कार्य में लगे हुए हैं। सभी बीएलओ ने सामाजिक अंकेक्षण सर्वे से मुक्त रखने की मांग प्रशासन से की है। साथ ही कि ओनलाईन प्रशिक्षण का भी बहिष्कार किया। इस दौरान अशोक कुमार जीनगर अविनाश शर्मा रामराज कुमावत दीपक कुमार गोविंद सिंह जगदीश जीनगर नसीर मोहम्मद रामधन जाट लादु लाल तेली केलाश चंद्र महावीर प्रसाद जाहिद हुसैन मजाहिर हुसैन सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

# सुभाष नगर पार्क के हालात खस्ताहाल नेता प्रतिपक्ष ने उठाया मुद्दा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



सुभाष नगर पार्क की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। पार्क में चारों ओर फैली गंदगी, टूटी बेंचें, उखड़ी घास और बिखरा कूड़ा नगर निगम की गंभीर लापरवाही को साफ दर्शाता है।नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र पारीक ने नगर निगम प्रशासन पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद निगम ने अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया है। पार्क में घूमने, टहलने और व्यायाम के लिए आने वाले लोगों को रोजाना गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है।इसी बीच पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल ने भी नगर निगम के कार्यों पर सवाल उठाते हुए महापौर पर गंभीर आरोप लगाए। पालीवाल ने कहा कि–'नगर निगम के महापौर महाचोर हैं, शहर की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। '

स्थानिय नागरिकों का कहना है कि पार्क की स्थिति यदि जल्द नहीं सुधरी तो वे सामूहिक रूप से निगम कार्यालय का घेराव करेंगे। लोगों ने साफ कहा कि सुभाष नगर पार्क क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, लेकिन व्यवस्था के अभाव में यह बुरी तरह उजड़ता जा रहा है।

# पटेल नगर के वाशिंदो का हंगामा, पानी, सड़क और नाली को लेकर प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में सेक्टर नंबर 11 पटेल नगर की महिलाओं और पुरुषों ने नगर विकास न्यास कार्यालय के बाहर जोरदार हंगामा किया। प्रदर्शनकारी कॉलोनी में लंबे समय से पानी, सड़क, नालियां और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से परेशान थे। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद आज वे मजबूर होकर सड़क पर उतर आए।हंगामे के दौरान आक्रोशित भीड़ ने ढ्व' सचिव की गाड़ी की हवा निकालने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने लोगों को रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण बन गया।पूरा प्रदर्शन किसान नेता सतू गुगड़ के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

### ईलाज के दौरान तोड़ा दम, पुलिस जुटी जांच में

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** गंगरार थाना क्षेत्र के सोनियाणा रोड पर एक युवक की विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की । गंगरार थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शंकर पिता रूपा माली जो की कादीसहाना थाना शाहपुरा का निवासी है।शंकर ने रविवार दोपहर को थाना क्षेत्र के सोनियाणा रोड पर हाइवे पर वाटर पार्क के समीप अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया । जिससे युवक की हालत बिगड़ गई और वह वही अचेत हो गया। युवक को सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ा देख राहगीरों ने 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया।जहां रात को उसने इलाज के दौरान दम तोड दिया। थाना पुलिस ने सोमवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की । पुलिस का कहना है कि युवक ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया है फिलहाल इसके वास्तविक कारण अभी सामने नहीं आए हैं,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वार्ता के बाद बनी सहमति 43 दिन बाद धरना समाप्त, चांदगढ़ में चल रहा था बनास बचाओ आंदोलन

स्मार्ट हलचल





**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में 43 दिनों से चला बनास बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन के तहत चला रहा धरना प्रदर्शन का सोमवार को वार्ता के बाद समापन हो गया । जिस पर संघर्ष समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मुंह मीठा करवाकर पटाखे फोड़े तथा संघर्ष व एकता की जीत बताई । आकोला गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में लीज धारक महादेव एंक्लेव प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ ग्रामवासियों द्वारा पिछले 42 दिनों से जारी संघर्ष आखिर सोमवार को समाप्त हो गया । आरएलपी नेता लादूराम गोदारा के निर्देश पर आज सोमवार दोपहर बाद ग्रामीण ट्रैक्टर रैली के साथ बनास नदी किनारे पहुंचे । जैसे ही प्रदर्शनकारी नदी किनारे पहुंचे, प्रशासन सक्रिय हुआ और वार्ता के लिए सहमत हो गया । बनास नदी किनारे भीलवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबुलाल विश्नोई, कोटड़ी तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह चौधरी, नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा, बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान, कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा, बड़लियास थाना पुलिस तथा भीलवाड़ा पुलिस जाब्ते सहित 150 से अधिक पुलिस बल तैनात रहा । वार्ता के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने आंदोलन समिति के सदस्यों लादूराम गोदारा, राजेंद्र जाट, बनालाल जाट, श्रवण गुर्जर, देवकिशन जाट, राधेश्याम जाट, नारायण जाट, जुगना सुवालका से वार्ता की । वार्ता के बाद इन प्रमुख मांगो पर बनी सहमति नदी में जेसीबी मशीनों का स्थाई रूप से उपयोग पूरी तरह बंद रहेगा । पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाए जाएंगे । ग्रामीण ट्रैक्टरों को नदी से काटे पर डालने पर प्रति टन का भुगतान निर्धारित किया । नदी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे और माइनिंग विभाग समय-समय पर निरीक्षण करेगा । वहीं एडिशनल एसपी पारस जैन ने शांतिपूर्ण आंदोलन की सराहना करते हुए कहा कि यदि प्रशासन या ठेकेदार पक्ष गलत पाया गया तो कड़ी कार्रवाई होगी । बनास बचाओ आंदोलन में चांदगढ़, जीवा खेड़ा, दोवनी, रघुनाथपुरा सहित अन्य कई गांवों का योगदान रहा, जिस संघर्ष समिति के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

# भगवान की ऊर्जा सही मिलेगी तो हमारा कल्याण होगा- डॉ. तोगड़िया

## राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का सवाईपुर व ढ़ेलाणा में किया स्वागत

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया सोमवार दोपहर को सवाईपुर पहुंचे, जहां बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि गांवों में प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करना, मोबाइल को चार्जिंग करेंगे तभी बात होगी, चार्जिंग खत्म होने पर बात नहीं होगी, जब हम भोजन करेंगे तो उससे शरीर का चार्जिंग होता है और नहीं खायेंगे तो चार्जिंग बंद हो जाएगा । जीवन की ऊर्जा अन्न से मिलती हैं अन्न को ऊर्जा सूर्य से और सूर्य को ऊर्जा भगवान से मिलती है, हमें भगवान की ऊर्जा सही मिलेगी तभी हमारा कल्याण होगा । राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनिल साहू ने बताया की सोमवार को बिजोलिया जाते समय राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया दोपहर 2 बजे सवाईपुर पहुंचे, इस दौरान डॉ. तोगड़िया ने एक निजी होटल का भी उद्घाटन किया, इसके बाद सवाईपुर में गोपाल लाल तेली के मकान पर भी पहुंचे । यहां से मुख्य बस स्टैंड होते हुए तेजाजी चौक सहित अन्य मार्गो से होते हुए घीसा लाल तेली के मकान पहुंचे, जहां भोजन किया तथा इसके बाद सभा को संबोधित किया,



इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे, सभा को संबोधित करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तोगड़िया का बजरंग दल सहित अन्य संगठनों ने माला, दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया, वही इस दौरान तलवार भी भेंट की । विश्राम करने के बाद डॉ. तोगड़िया ने बिजोलिया के लिए प्रस्थान किया । प्रभुलाल साहू ने बताया कि इस पूर्व सोमवार प्रातः 10:15 बजे बड़े चारभुजा नाथ मंदिर से हरि बोल प्रभात फेरी प्रारंभ हुई, जो ब्राह्मणों के मंदिर, गाडरी मोहल्ला, विद्युत ग्रीड़, मुख्य बस स्टैंड, सब्जी मंडी, कुम्हार मौहल्ला होते हुए पांडाल में पहुंची, हरि बोल प्रभात फेरी से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया, हर तरफ हरि बोल के जयकारें गुज उठे, आसपास के 121 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरी की मंडलियां शामिल हुई ।

इस दौरान चंद्र सिंह,घनश्याम जोशी,प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवारी, बड़लियास पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह, पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी, पूर्व सरपंच नवरतन शर्मा, भाजपा युवा नेता भरत सिंह पडासोली, हिन्दू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष देवराज जाट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश श्रोत्रिय, शांतिलाल आचार्य, भैरू शर्मा बड़ला, जगदीश लोहार, पन्नजी जैन, दीपक जैन, मुकेश श्रोत्रिय, जगदीश वैष्णव, राकेश जाट, विष्णु जाट आदि कई मौजूद रहे।

### ढ़ेलाणा चौराया पर भी किया स्वागत

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया सवाईपुर जाते समय दोपहर 1:15 बजे ढ़ेलाणा चौराहे पर भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान नंदराम दास वैष्णव, सुखा जाट, शान्ति लाल वैष्णव, सांवरमल वैष्णव, राहुल जाट, मनीष जाट, संजय जाट आदि कई मौजूद रहे।

# पैंथर ने तीन बकरियां का किया शिकार, वन विभाग की टीम पहुंची

स्मार्ट हलचल | करेड़ा

उप खंड क्षेत्र के नारेली ग्राम पंचायत में इन दिनों पैंथर का आतंक गहराता जा रहा है। रविवार देर रात पैंथर ने सालरमाला रिची का बाड़िया में रहने वाले जगन्नाथ पुत्र भैरू सिंह के घर पर धावा बोलते हुए उनकी तीन बकरियों का शिकार कर लिया। अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार सहम गया और ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। परिजनों ने बताया कि उनका जीवन-यापन पूरी तरह बकरी पालन पर निर्भर है। तीन बकरियों के पैंथर द्वारा शिकार किए जाने से परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट आ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में पैंथर की आवाजाही बढ़ गई है, जिसके चलते बच्चों व पशुओं को बाहर छोड़ने में डर बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही वन



विभाग की टीम एवं पशु चिकित्सक मौके पर पहुँचे। टीम ने मृत बकरियों का पोस्टमार्टम कर पंचनामा तैयार किया। साथ ही आसपास के क्षेत्र में पैंथर की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने एवं ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पैंथर को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर मोड़ने की व्यवस्था की जाए तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि उनकी आजीविका फिर से सामान्य हो सके।

# लायंस क्लब भीलवाड़ा ने स्वरूपगंज स्कूल में वितरित किए 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** लायंस क्लब भीलवाड़ा के तत्वाधान में लायन एडवोकेट पवन पंवार (लायंस क्लब अध्यक्ष) व भामाशाह एम.जे.एफ. लायन जी.सी. जैन द्वारा राउमावि स्वरूपगंज स्कूल में 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए तथा शीघ्र एक कम्प्युटर मय प्रिन्टर देने की घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में एडवोकेट पवन पंवार ने उद्बोधन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे स्वयं, अपने जिले, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने गुरुजनों और माता-पिता का आदर सम्मान करने की सलाह दी और बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शुभकामनाएं दीं।




लॉयन एडवोकेट ललित सांखला ने अपने उद्बोधन में बच्चो को सरकारी सम्पति की सुरक्षा करने, तथा जिस उद्धेश्य से शिक्षा ग्रहण करते है उसी में अपना पूरा ध्यान देवें। जिससे वे स्वयं, अपने जिले, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने गुरुजनों और माता-पिता का आदर सम्मान करने की सलाह दी और बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शुभकामनाएं दीं। लॉयन विनोद जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि लांयस क्लब भीलवाडा द्वारा अतिशीघ्र एक एम्बुलेंस तैयार की जा रही है जो जिले की सभी सरकारी स्कूलो में जाकर बच्चों की ऑखो की जॉच कर आवश्यक होने पर जरूरतमंद बच्चो को निःशुल्क चश्में एवं दवाईयॉ दी जायेगी। इस जनहितार्थ कार्य के लिए सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। लॉयन भवानी शंकर दुधानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी सम्पति की सुरक्षा करने का दायित्व आप बच्चो का है और किसी प्रकार का व्यसन व नशे आदि कुरूतियो से दूर रहने तथा इनसे होने वाली नुकसान के बारे मे समझाया। स्कूल के प्रिंसीपल ने लॉयन क्लब अध्यक्ष का आभार जताते हुए निवेदन किया कि हमारे स्कूल में एक कम्प्यूटर .प्रिन्टर की आवश्यकता है जिस पर लायन भामाशाह जीसी जैन ने घोषणा की कि लायंस क्लब भीलवाडा अतिशीघ्र आपकी मांग पर शीध्र इस स्कूल को कम्प्यूटर विथ प्रिन्टर भिजवा दिया जायेगा। जिस पर उपस्थिति सभी स्कूल स्टाफ एवं बच्चो में खुशी की लहर दौड गई तथा सभी ने तालियॉ बजा कर लायंस क्लब का आभार व्यक्त किया।

# स्टेट हाइवे 39 ए पर इलेक्ट्रोनिक शॉप को चोरों ने बनाया निशाना, लाखो का सामान और नकदी ले उड़े

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** बनेड़ा उपखण्ड मुख्यालय से होकर निकल रहे हुरडा - बनेड़ा एस एच 39 ए पर स्थित चारभुजा इलेक्ट्रोनिक्स नामक दुकान के रविवार मध्य रात्रि के बाद अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर के अंदर प्रवेश करके अंदर से करीब लाख की नकदी सहित लाखों रुपये के कीमत के इलेक्ट्रिक उपकरण चुरा ले गए। सोमवार सुबह दुकान के पड़ोसी की सुचना पर मौके पहुंचे दुकान मालिक ने मामले की सुचना थाने पर दी। जिस पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच करके घटना स्थल का मौका मुआयना करने के साथ ही घटना के बारे में जानकारी प्राप्त कि । प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र बिलिया ग्राम पंचायत के सारांश गांव के रहने



वाले भागचंद कुमावत की एस एच 39 ए हुरड़ा मुख्य रोड किनारे चारभुजा इलेक्ट्रोनिक्स नाम से फर्म है। जिसके रविवार मध्यरात्री के बाद अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर के अंदर प्रवेश करने के साथ ही गल्ले का लॉक तोड़कर कर के अंदर रखी करीब सात लाख रुपये की नकदी चुरा ले गए। नकदी आधी राशि तो भागचंद किसी से उधार लाया था। शेष राशि दुकान की थी। जो सामान पार्टी को भुगतान करने के लिए रखी थी। साथ ही चोर दुकान से 9 बडंल कॉपर वायर ओरियंट कपंनी के पखे टेबल फेन चक्की मोटर बोरिंग मोटर कुंए की मोटर आटा चक्की पाट लाईट चुल्हा बल्ब प्रेशर किसान टार्च रॉड एमसीबी रेग्युलेटर सहित अन्य नल व लाइट फिटिंग के सामान चुरा ले गए। दुकान में चोरी की वारदात का सोमवार पडौसी को पता लगने पर उसने दूकान मालिक को फोन पर वारदात के बारे में जानकारी दी। साथ ही मामलें कि सुचना पर थाना पुलिस देने के बाद भी काफी देर के बाद थाने से दिवान और पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना किया तथा घटना के बारे जानकारी प्राप्त कि पुलिस ने प्रार्थी भागचंद कुमावत की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर के जांच शुरू की है। पुलिस आसपास के स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल रही है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे पिछले दो तीन दिन से बंद पडे हुए थे।

# एसआईआर और दिल्ली महारैली को लेकर पहली बैठक



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिला कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद एसआईआर को लेकर पहली बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस की एसआईआर, 'वोट चोर गद्दी छोड़' दिल्ली महारैली की तैयारी, बूथ मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा की गई। इसी सिलसिले में 14 दिसंबर को दिल्ली में राहुल गांधी के नेतृत्व में महारैली आयोजित की जाएगी, जिसमें भीलवाड़ा से चार बसें रवाना होंगी। भीलवाड़ा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष शिवराम (जीपी) खटीक ने कहा कि एसआईआर को लेकर जो कार्य चल रहा है, उसके विरोध में यह महारैली रखी गई है। उनका कहना था कि जनता का वोट काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता की सेवा करती आई है और आगे भी करती रहेगी। अगर देश की जनता ने दोबारा सेवा का मौका दिया तो पार्टी मजबूती के साथ वापसी करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने स्पष्ट किया कि रामलाल जाट और वे किसी अलग-अलग गुट से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे दोनों राहुल गांधी के नेतृत्व में मिलकर जनता की सेवा करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता ने दी।

# 4 साल की हार्वी शर्मा ने अमृता हाट में मचाया धमाल, मटक चालू ली डांस से किया सब को मंत्र मुग्ध सोशल मीडिया पर डांस जमकर हुआ वायरल

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के ग्रामीण हाट में चल रहे पाँच दिवसीय अमृता हाट मेले में रविवार का दिन उस वक्त यादगार बन गया, जब मात्र 4 साल की नन्हीं हार्वी शर्मा ने स्टेज पर आते ही ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक तालियाँ बजाते नहीं थके। हरियाणवी सुपरहिट गीत 'मटक चालू ली' पर हार्वी की मासूम अदाएँ और आँखों की दिलकश भाव-अभिव्यक्ति ने मंच से लेकर सोशल मीडिया तक धूम मचा दी है। हार्वी का डांस वीडियो इंटरनेट पर तेज़ी से वायरल




हो रहा है, जिसे देखकर लोग कह रहे हैं।

इतनी छोटी उम्र में इतना एक्सप्रेशन कमाल कर दिया बच्ची ने कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने बताया कि जैसे ही हार्वी ने अपनी आँखों और मुस्कान से एक्सप्रेशन दिए, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। कई लोग तो इसे मेले का सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस बता रहे हैं। खास बात यह कि हार्वी ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, पिता लकी शर्मा, माता प्रीति शर्मा और अपनी डांस टीचर किशोरी दीदी को दिया है। सोशल मीडिया पर अब हार्वी शर्मा को लोग मिनी हरियाणवी स्टार एक्सप्रेशन क्वीन जैसे नाम दे रहे हैं। बच्ची की प्रतिभा की पूरे क्षेत्र में जमकर तारीफ़ की जा रही है।

माण्डलगढ़ः किसानों के लिए अच्छी खबर

# 500 एमटी गोदाम का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास



स्मार्ट हलचल| माण्डलगढ़

क्षेत्र के किसानों को जल्द ही खाद और बीज के भंडारण की समस्या से निजात मिलेगी। ग्राम सेवा सहकारी समिति माण्डलगढ़ में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 500 मेट्रिक टन क्षमता वाले नए गोदाम का शिलान्यास समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

वैदिक मंत्रों के साथ रखी नींव

गोदाम निर्माण का शिलान्यास समिति की अध्यक्षा श्रीमती इंद्रा विनय झंवर, उपाध्यक्ष मनोज आंचलिया और व्यवस्थापक कुलदीप ब्रह्मभट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से किया गया।

किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत इस गोदाम के बनने से क्षेत्र की कृषि व्यवस्था सुदृढ़ होगी। किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध करवाने तथा उनके भंडारण में यह गोदाम अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान समिति के अन्य सदस्य गण और कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस विकास कार्य पर खुशी जाहिर की।

# ग्रीन पीपल समिति एवं टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी पुणे के बीच करार

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

क्लाइमेट चेंज और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ग्रीन पीपल समिति एवं टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी पुणे के बीच सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्बन क्रेडिट आधारित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा दोनों पक्षों के बीच एमओयू पर सहमति बनी।

बैठक के दौरान टेरा ब्लू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप मोटवानी ने कार्बन उत्सर्जन, कार्बन क्रेडिट तथा इनके औद्योगिक उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। राजसमंद जिले में इस परियोजना पर कार्य करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। ग्रीन पीपल समिति की ओर से अध्यक्ष राहुल भटनागर



ने मोटवानी का स्वागत किया, वहीं डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने समिति के कार्यक्रमों पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

### क्षेत्र भ्रमण एवं प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय

बैठक में निर्णय हुआ कि जीपीएस एवं टेरा ब्लू संयुक्त रूप से पिपलांत्री पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा कर प्रोजेक्ट प्रस्ताव तैयार करेंगे, ताकि पंचायत एवं किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ मिल सके।

### कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा

विशेष चर्चा में यह बताया गया कि वृक्षों द्वारा कार्बन सोखने की क्षमता के आधार पर कार्बन क्रेडिट तैयार किए जाते हैं। तीन वर्ष के बाद प्रत्येक वृक्ष प्रतिवर्ष लगभग 25 किलो कार्बन अपने अंदर समाहित करता है। लगभग 40 वृक्ष मिलकर एक वर्ष में एक कार्बन क्रेडिट बनाते हैं। इसके बाद तीसरी पार्टी द्वारा वैलिडेशन एवं सत्यापन की प्रक्रिया में कार्बन की मात्रा की पुष्टि की जाती है, जिसे बाद में औद्योगिक संस्थान खरीदते हैं।

बैठक में पेरिस समझौता 2017 के लक्ष्य का उल्लेख हुआ, जिसके अनुसार कार्बन उत्सर्जन और ऑक्सीजन उत्सर्जन के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों द्वारा खरीदे गए कार्बन क्रेडिट वृक्षारोपण करने वाले किसानों एवं संस्थाओं को आर्थिक लाभ प्रदान करेंगे। बैठक में राहुल भटनागर, सुहेल मजबूर, श्याम दवे, प्रताप सिंह चुंडावत, डॉ. ललित जोशी, अरुण सोनी, डॉ. सतीश शर्मा, वी.एस. राणा, पिपलांत्री सरपंच अनिता पालीवाल, पंचायत सदस्य राहुल पालीवाल, भंवर सिंह चौहान, किशोरी लाल धनेरिया, टेरा ब्लू से प्रदीप मोटवानी, आशीष नरकुट एवं प्रो. इन्द्रजीत माथुर सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# कुएं के पास सो रहा था अपहरण का फरार आरोपी, घेराबंदी कर पकड़ा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बिजौलिया थाना पुलिस ने बालिका का अपहरण कर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को दबोचने में कामयाबी हासिल की है । आरोपित की पुलिस को लंबे अरसे से तलाश थी मुखबिर की सूचना मिलने के बाद टीम बनाई और क्षेत्र के चिताबड़ा से कुएं के पास सो रहे आरोपित 28 वर्षीय मनित उर्फ मनोज कंजर



को घेराबंदी कर धर दबोचा । टीम में बिजौलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र, हेमराम ओर विश्राम शामिल थे।

# 50 विद्यार्थियों को वितरित की जर्सी




स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़

सर्दियों की शुरुआत के साथ ही समाजसेवियों ने जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फलासिया में सद्भावना सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में और इस्माइल फाउंडेशन के सहयोग से 50 स्कूली बच्चों को जर्सी (स्वेटर) वितरित की गई। कड़ाके की ठंड में नई जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

कार्यक्रम के दौरान केवल वितरण ही नहीं, बल्कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष उदयलाल धाकड़ ने की। इस अवसर पर संस्था प्रधान रामकुंवर धोबी ने ट्रस्ट की अध्यक्ष कमला चौधरी और इस्माइल फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक पुनीत कार्य बताया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया। इस दौरान मांगीलाल धाकड़, विजेता धनवाल, मीनू बेरवा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और ग्रामीण उपस्थत रहे।

# चित्तौड़गढ़-उदयपुर सिक्सलेन पर 9 और 10 दिसंबर की रात को रहेगा यातायात बाधित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

नेशनल हाइवे-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर सेक्शन पर 9 दिसंबर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक व 10 दिसंबर को रात 10 से सुबह 6 बजे तक यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहेगा। इस दौरान वाहनों का आवागमन बंद रहेगा या वैकल्पिक मार्गो से डायवर्ट किया जाएगा। एनएचएआई के अनुसार नेशनल हाइवे-48 पर देबारी के पास 36 स्पान के एक पुल की मरम्मत के बाद भार परीक्षण किया जाएगा। यह परीक्षण पुल की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। एनएचएआई के अधिकारियों ने उदयपुर पुलिस अधीक्षक, जिला कलक्टर और संबंधित पुलिस थानों से इस अवधि के दौरान प्रभावी यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# महावीर इंटरनेशनल चंदनबाला केंद्र ने जर्सियां वितरित की

स्मार्ट हलचल | करेड़ा

उप खंड क्षेत्र के ज्ञानगढ़ क्षेत्र में महावीर इंटरनेशनल चंदनबाला केंद्र आसिंद द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। गया। मुख्य कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोदिया में सम्पन्न हुआ, जिसमें कोदिया, कर्मा की तलाई और गोराना विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजू कर्णावत ने की। उपाध्यक्ष मंजू कांठेड़ , कोषाध्यक्ष अंजू चौधरी, तथा विमला कोठारी और अनिता कोठारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में कुल 80 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए




गए। इस दौरान

अशोक कोठारी (राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोदिया) अभिषेक शर्मा (कर्मा की तलाई) मुकेश गुर्जर (गोराना) राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोदिया के प्रधानाध्यापक अशोक कोठारी ने संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल बच्चों के लिए सर्दियों में अत्यंत लाभकारी है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात, कार्यक्रम के अध्यक्ष ने बच्चों को इस सराहनीय पहल के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में राष्ट्रीय भावना की झलक देखने को मिली।

गाँव के अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और महावीर इंटरनेशनल चंदनबाला केंद्र आसिंद के इस सामाजिक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्था समाज के कल्याण में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती रही है और उनके प्रयास प्रेरणादायक हैं।

# कांग्रेस ने सिसोदिया को जिलाध्यक्ष बनाया लेकिन ना जिले के नेता स्वीकार रहे ना कार्यकर्ता

## शपथ ग्रहण में जिले के बड़े नेता ओर सभी पूर्व विधायक रहे दूर

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले के पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की बिना रायसुमारी के कोंग्रेस ने चित्तौड़गढ़ में प्रमोद सिसोदिया को जिलाध्यक्ष तो बना दिया लेकिन अभी तक ना उनके साथ कोई आये ना ही शपथ ग्रहण में भाग लिया इससे जिले के सभी बड़े नेताओं और पूर्व विधायको की नाराजगी जग जाहिर हो गई है। रविवार को प्रमोद सिसोदिया ने पदभार ग्रहण करते हुए जिले की कमान तो सम्भाल ली है लेकिन उनको जिलाध्यक्ष बनाये जाने से नाराज कोंग्रेसियों को वो नही सम्भाल पाए है।



उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यतः देखा जाए तो पूर्व विधायक निम्बाहेड़ा से उदयलाल आंजना को छोड़ दो तो बाकी अन्य सभी विधानसभा से ना कोई पूर्व विधायक आये ना ही उनके समर्थक ना ब्लॉक अध्यक्ष, ना पदाधिकारी, ना ही जनप्रतिनिधि आये, ऐसा शपथ ग्रहण समारोह पहला ही होगा जो इतने पूर्व विधायको ओर जिले भर के हजारो जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओ की नाराजगी ओर अनुपस्थिति के हुआ हो।

### पोस्टर में फ़ोटो लेकिन साथ कोई नही

सिसोदिया के शपथ ग्रहण समारोह में लगे पोस्टर में तो सभी पूर्व विधायको ओर निवर्तमान जिलाध्यक्ष का फोटो तो लग रहा था लेकिन ये कोई भी सिसोदिया के साथ नही होने से इन सबके बिना ही सिसोदिया को सिर्फ आंजना की उपस्थिति में कमान संभालनी पड़ी।

### मुख्यतः यह रहे अनुपस्थित जो बना चर्चा का विषय

सिसोदिया के शपथ ग्रहण समारोह में अनुपस्थित नेताओं की बात करे तो लिस्ट लम्बी है लेकिन मुख्यतः निवर्तमान जिलाध्यक्ष भेरूलाल चोधरी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, बेंगु से पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह विधूड़ी, बड़ीसादड़ी से पूर्व विधायक प्रकाश चोधरी, कपासन से पूर्व विधायक शंकरलाल बैरवा सहित इनके करीबी, जिले के कई बड़े नेता, जनप्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं अधिकांश कार्यकर्ता इस कार्यक्रम से नदारद रहे जो पूरे कार्यक्रम में चर्चा का विषय बन गया।

### नाम कि घोषणा के साथ ही जिले में घुटबाजी तेज

वैसे कार्यक्रम में इन सबकी अनुपस्थिति चर्चा का विषय जरूर रही लेकिन स्थिति चोंकाने वाली नही थी क्योकि जिस दिन कोंग्रेस आलाकमान ने प्रमोद सिसोदिया को जिलाध्यक्ष बनाया उसी दिन से सबकि नाराजगी जग जाहिर हो गई, इसलिए इस शपथ ग्रहण समारोह से दूरी तो पहले ही साफ नजर आ रही थी, लेकिन इस समारोह में इन सबके नदारद रहने से सिसोदिया की मुश्किलें ओर अधिक बढ़ गई है, अब उनका इन सबको साथ लेकर चलना मुश्किल नजर आ रहा है जिसका सीधा सीधा नुकसान पार्टी को आगामी चुनावों में झेलना पड़ सकता है।

# सांवरिया सेठ के मंदिर में खास की रील्स बनती आम के साथ बत्तमीजी

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**मंडफिया।** चित्तोड़गढ़ जिले में मण्डफिया स्थित सांवरिया सेठ मन्दिर जहा अब खास ओर आम के लिए अलग अलग नियम चलने लगे है।

वैसे तो मन्दिर में कोई भगवान का फोटो तक ले तो वहाँ खड़े कुछ लोग ओर सिक्युरिटी वाले उसके साथ बत्तमीजी करते कई बार देखे गए है यहाँ तक कि मोबाइल छीन कर फेंकने तक कि घटना करने से नही चूकते लेकिन दूसरी ओर वही मन्दिर वही जगह कोई छुटभैये नेता भी चले जाते तो खुद मन्दिर के लोग ही इनके आगे पीछे दौड़ते ओर इनकी रिल्स बनाते है, जबकि नियम तो सबके लिए एक होना चाइये फिर सांवरिया सेठ के भक्तो ओर इन दिखावा करने वालो में इतना फर्क क्यो किया जाता है, यह अभी के समय मे गम्भीर समस्या बनी हुई है, इनके कई खास लोग धड़ल्ले से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालते रहते है लेकिन आम आदमी को मोबाइल जेब से निकालने तक कि परमिशन नही।

### इतना बड़ा मन्दिर लेकिन अव्यवस्था का अंबार

सांवरिया सेठ का यह मंदिर ना सिर्फ जिले में बल्कि अब पूरे राज्य के साथ देश मे भी अपनी ख्याति फैला चुका है, लाखों भक्त हर महीने यहाँ आ रहे है, करोड़ो की भेंट राशि यहाँ निकल रही लेकिन व्यवस्थाओं की बात करे तो यहाँ कुछ भी नही है, हर तरफ़ अव्यवस्था का अंबार लगा है जिसे मन्दिर मण्डल यहाँ तक कि प्रसासन भी सुधारने में नाकाम साबित हो रहा है, जिससे यहाँ दूर दराज से खुशी खुशी आने वाले भक्तो को निराश होकर जाना पड़ रहा है, अव्यवस्थाओं को लेकर कई बार विवादों के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा व्यवस्थाओं पर ध्यान नही देना इनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

# राजस्थान लेक्रोज टीम का लगातार दूसरे वर्ष फेडरेशन कप पर दोहरा कब्जा

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

कटरा,जम्मू में संपन्न हुई द्वितीय लेक्रोज फेडरेशन कप में पिछली विजेता राजस्थान के खिलाड़ियों ने महिला व पुरुष दोनों वर्गों में अपनी कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट कौशल, टीम भावना से सामंजस्य पूर्ण खेल का प्रदर्शन कर अपने खिताबों की रक्षा कर फिर से दोहरा कब्जा जमाया।



राजस्थान ने पुरुष वर्ग के फाइनल में गुजरात को एवं महिला वर्ग में हरियाणा को पराजित कर अपनी सफलता की निरंतरता बनाए रखा। पुरुष वर्ग फाइनल से पूर्व लीग मैचों के पश्चात में राजस्थान ने क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़, सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश को पराजित किया। वहीं महिला वर्ग में क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश, सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ को पराजित किया। प्रतियोगिता में भारत की सर्वश्रेष्ठ 16 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था। राजस्थान की इस शानदार निरंतर सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सिंह, खेल राज्य मंत्री के के बिश्नोई, राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी ने सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। वहीं राजस्थान स्पोर्ट्स कांउसिल चेयरमैन नीरज के. पवन, लेक्रोज प्रमोटर उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, सीईओ सज्जाद खान सहित राजस्थान लेक्रोज संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान टीम में प्रशिक्षक नीरज बत्रा, पुरुष वर्ग- मोहनलाल गमेती (कप्तान) खुमाराम गमेती, दयाशंकर गमेती, नारायण लाल गमेती, निशान्त नागदा, राजेश गमेती, सक्षम शर्मा, मुकेश गमेती, हर्षित वैष्णव, नीरज मीणा, आयुष नरान्दनिया, सागर शर्मा व मोहित डांगी (मैनेजर) शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में सुनीता मीणा (कप्तान), जुला कुमारी गुर्जर, मीरा दौजा, डाली गमेती, यशिष्ठा बत्रा, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी,यशोदा गमेती, रोशनी बोस, जानवी राठौड़,नीमा गमेती, प्रिता राठौड़, अनामिका जांगिड़, भक्ति बत्रा व गोमती गमेती (मैनेजर) सम्मिलित है।

उल्लेखनीय की ओलंपिक खेल लेक्रोज की पिछली 3 साल की 22 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में से राजस्थान ने 19 मेडल जीते हैं जिसमें 15 स्वर्ण पदक हैं। राजस्थान के खिलाड़ियों के खेल कौशल एवं उपलब्धियों से खेल जगत में हर्ष है तथा भारतीय टीम के ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीद बढ़ गई हैं, राजस्थान सरकार ने लेक्रोज खेल में स्थानीय खिलाड़ियों की योग्यता को ध्यान में रखते हुए एवं लक्ष्य ओलंपिक को साक्षात करने हेतु अपने पिछले बजट सत्र में उदयपुर में लैक्रोज अकादमी की घोषणा की थी जिसका कार्य उदयपुर प्रशासन की देखरेख में गतिशील है।

# विधायक आक्या के विधानसभा चुनाव जितने की एक ओर मन्नत पूरी लोटन यात्रा, सिक्को से तोला ओर सांवरिया सेठ को भेंट किया कुकर

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के विधानसभा चुनाव में जीत की खुशी में समर्थकों द्वारा मन्नत उतारने का सीलसीला दो वर्ष बाद भी जारी है।

विधायक आक्या के समर्थक रमेश चन्द्र गुर्जर पुत्र उदय लाल गुर्जर ने विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक आक्या की जीत के लिए सांवलियाजी से मन्नत मांगी जिसकी पूर्ति के लिए सोमवार को अपने निवास स्थान से श्री सांवलियाजी मंदिर तक लौटन यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों व ढोल के साथ निकली लौटन यात्रा में बडी संख्या में ग्रामवासी व महिलाएं नृत्य करते हुए सांवलियाजी मंदिर तक पहुंचे जहां चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या का माल्यार्पण व मेवाडी पगडी पहनाकर उन्हें सिक्कों से तौलकर सिक्कों को सांवलियाजी मंदिर के भण्डार में चढाया गया। रमेश चन्द्र गुर्जर ने यात्रा के पश्चात सांवलिया सेठ को 56 भोग व चांदी का कुकर चढाकर मन्नत पुरी की। इससे पूर्व भी विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के हजारों समर्थकों ने चुनाव में जीत के बाद सांवलियाजी मंदिर तक पैदल यात्रा की थी।



इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या, मंदिर मंडल अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, कपासन पूर्व विधायक बद्री लाल जाट, जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, पंचायत समिति सदस्य गोविन्द सोनी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर, भैरू लाल सोनी, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कंवर लाल गुर्जर, भोलाराम प्रजापत, भरत जागेटिया, सतपाल दुआ, रवि विराणी, हिरा लाल रायका, लिटिल भट्ट, सूरज सोनी, कन्हैया लाल गर्ग, रमेश चण्डालिया, अजय चौधरी, कैलाश जाट पिपलवास, पवन तिवारी सहित ग्रामवासियों ने सांवलिया सेठ के दर्शन कर सर्वत्र खुशहाली की कामना की।

# वीरबहादुर सिंह देवड़ा अध्यक्ष एवं ललित गोयल सचिव निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल | रानीवाड़ा/जालोर

बार एसोसिएशन रानीवाड़ा ने इस वर्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ अभूतपूर्व भाईचारे का परिचय दिया। वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का गठन पूरी तरह निर्विरोध हुआ, जहाँ किसी भी पद पर मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। सोमवार को अधिवक्ता कक्ष में सादे व गरिमामय समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। चुनाव अधिकारी पुखराज विश्नोई तथा सहयोगी पिटीशन राइटर जोगाराम माली की देखरेख में प्रक्रिया शुरू हुई। प्रारंभिक चरण में अध्यक्ष पद पर मुकाबला बनने की स्थिति थी। इसी दौरान निवर्तमान अध्यक्ष पुरणसिंह देवड़ा ने आगे बढ़कर सभी पक्षों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया।



उनके सुझाव और समझाइश से वातावरण सहयोगी बना और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश कुमार गर्ग ने एकता को प्राथमिकता देते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया। इस निर्णय से पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसकी सभी अधिवक्ताओं ने सराहना की। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय संगठन की मजबूती और आपसी विश्वास को और गहरा करता है।

# हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ': पुष्कर में मंथन, शिक्षकों को दिया 'मैकाले' छोड़ 'राष्ट्र निर्माता' बनने का मंत्र

स्मार्ट हलचल | पुष्कर/चित्तौड़गढ़

'विद्यालय केवल ईंट-पत्थर का भवन नहीं, बल्कि एक तीर्थ है और शिक्षक वेतनभोगी कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता है।' इसी संकल्पना को साकार करने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से तीर्थराज पुष्कर में सोमवार से दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

### मैकाले शिक्षा पद्धति पर प्रहार

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अतिरिक्त महामंत्री मोहन लाल पुरोहित ने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति ने शिक्षा को केवल धन कमाने का जरिया बना दिया, जिससे 'राष्ट्रहित' पीछे छूट गया। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यालय को तीर्थ में बदलने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।



संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षकों को 'आया सो पाया' की जगह 'चाहा जो बनाया' का मंत्र अपनाना होगा। उन्होंने विद्यालय के भौतिक परिवेश, आदर्श प्रार्थना सभा और स्वच्छता के माध्यम से संस्कारवान वातावरण बनाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि कार्यशाला में पहले दिन प्रभावी प्रार्थना सभा और 21वीं सदी की चुनौतियों पर पांच सत्र आयोजित किए गए।

### चित्तौड़गढ़ का प्रतिनिधित्व

जिलाध्यक्ष पूरण मल लौहार और जिला मंत्री कैलाश चंद्र मालू ने बताया कि कार्यशाला में चित्तौड़गढ़ से प्रकाश चंद्र बक्शी, जिलाध्यक्ष पूरण मल लौहार, दिनमान वशिष्ठ और लोकेश सोनी भाग ले रहे हैं। जिले के हेमंत शर्मा, डॉ. हीरा लाल लुहार, मदन लाल जोशी सहित पूरी जिला कार्यकारिणी ने इस संकल्पना को देश निर्माण में मील का पत्थर बताया है।

# यूरिया की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई, 9 लाइसेंस निलंबित, 732 बैग जब्त

उदयपुर संभाग में कंट्रोल रूम स्थापित, किसानों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर संभाग में यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। संभाग के उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सलूम्बर एवं प्रतापगढ़ जिलों में अब तक 9 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि 732 बैग यूरिया जब्त किए गए हैं। तीन मामलों में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) श्री निरंजन सिंह राठौड़ ने बताया कि यूरिया की कालाबाजारी, काल्पनिक कमी व अनियमित वितरण की रोकथाम हेतु संभाग एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। सभी खाद- बीज विक्रय दुकानों पर कृषि पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। किसानों की सुविधा हेतु कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं।

### जिलेवार हुई कार्रवाई

प्रतापगढ़ जिले में 4, उदयपुर में 2, बांसवाड़ा में 2 तथा डूंगरपुर में 1 उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित किया गया है। रविवार को बांसवाड़ा जिले में कार्रवाई के दौरान 732 बैग यूरिया जब्त किए गए। कृषि विभाग ने खाद-बीज विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे नियमों का सख्ती से पालन करें। किसानों से भी अपील की गई है कि वे मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करें तथा आवश्यकता के अनुरूप ही यूरिया का क्रय करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि संभाग में यूरिया की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# मेघवाल समाज द्वारा पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना का अभिनंदन

## फलवा ग्राम में विधायक मद से निर्मित सराय के लिए समाज ने व्यक्त किया आभार

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

ग्राम पंचायत फलवा में शनिवार सांय 7 बजे मेघवाल समाज द्वारा राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं पूर्व विधायक उदयलाल आंजना का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह समाज की कृतज्ञता का प्रतीक रहा, जिसके अंतर्गत उनके विधायक कार्यकाल में विधायक निधि से मेघवाल समाज की सराय का निर्माण पूर्ण हुआ था।

### नव-निर्मित सराय परिसर में उत्साहपूर्ण आयोजन

फलवा ग्राम स्थित मेघवाल समाज की नव-निर्मित सराय परिसर में आयोजित इस समारोह में समाज के सैकड़ों सदस्य, ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पूर्व मंत्री आंजना के पहुंचने पर समाजजनों एवं ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले मेघवाल सराय सामुदायिक भवन में मंचासिन संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर आत्मीय श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उन्हें नमन करते हुए उनका स्मरण किया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत फलवा प्रशासक एवं सरपंच भोपराज टांक ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों में निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, प्रदीप मदानिया, ग्राम पंचायत फलवा की उपसरपंच श्रीमती रेखा आमेटा, रतनलाल गाडरी, सुरेश सालवी, कालूराम भील एवं प्रमोद आमेटा, देवकिशन अहीर, दिलीप अहीर, एवं शिवलाल अहीर इत्यादि मंचासीन रहे। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत साफा, पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा 'समाज की ओर से दिया गया यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। मैं अपने सार्वजनिक जीवन में सदैव क्षेत्र के विकास, सामाजिक उत्थान और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा हूं। फलवा ग्राम में सराय निर्माण समाज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी, और यह देखकर हर्ष होता है कि अब यह भवन सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह समारोहों और सामुदायिक गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनेगा। मैं भविष्य में भी क्षेत्र की प्रगति और समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। '



### समाजजनों ने आंजना के विकास कार्यों की सराहना की

वक्ताओं ने कहा कि उदयलाल आंजना ने अपने कार्यकाल में जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए अनेक विकास कार्य करवाए। मेघवाल समाज की सराय उनका एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे समाज को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा प्राप्त हुई है। समाजजन ने कहा कि आंजना का जनकल्याण केंद्रित दृष्टिकोण सदैव प्रेरणादायक रहा है।

### सराय सामुदायिक भवन की चाबियां समाजजनों को सुपुर्द

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आंजना ने मेघवाल समाज के गणमान्यजनों को सराय भवन की चाबियां सौंपी। सरपंच भोपराज टांक ने सराय परिसर में ट्यूबवेल, कमरा निर्माण, किचन, एवं बरामदा निर्माण करवाने की घोषणा भी की।

### गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित

फलवा, मालियाखेड़ी, धनोरा, पालड़ी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बंशीलाल, हीरालाल, रतनलाल, गंगाराम, कन्हैयालाल, भेरूलाल, लाला राम, मदनलाल, रमेश, गोवर्धन, डालचंद, पप्पू, सुरेशचंद्र, घीसालाल, नंदलाल, राजेंद्र, सुरेश, अखिलेश, पूरणमल, लोकेश, सोहन, दिनेश, रोशन, दीपक, अशोक, धर्मराज, निलेश, हितेश, कन्हैयालाल, नंदकिशोर, गिरधारीलाल, ओंकारलाल, गणपत, गोपाल, राजू, प्रभुलाल, मुकेश, रोहित, लालचंद, राहुल, तथा मालियाखेड़ी से देव किशन,लक्ष्मण, रामचंद्र, रामलाल, भेरूलाल, गौतम, नरूलाल, सुरेश, हरिराम, रमेश भील, नारायण लाल भील, देवीलाल मेघवाल, पप्पू भील, एवं समर्थ रैगर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त शंभुलाल द्वारा किया गया।

# अभिभाषक संघ निम्बाहेड़ा चुनाव 2026 – पदाधिकारियों के नामांकन हुए अंतिम, 12 दिसंबर को संभावित मतदान

स्मार्ट हलचल | निम्बाहेड़ा

अभिभाषक संघ निम्बाहेड़ा के चुनाव वर्ष 2026 को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सोमाणी तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी महावीर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र निर्धारित दिवस पर प्रस्तुत किए गए, जिनकी जांच की प्रक्रिया विधिवत पूर्ण की गई। सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए रणजीतसिंह राणावत एवं ज्ञानचन्द धाकड़ ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद हेतु राजेश कुमार सोलंकी, शम्भूलाल तेली तथा सोनू नायक (सोनिया) ने दावेदारी प्रस्तुत की है। सचिव पद के लिए दशरथ कुमावत एवं शुभम छाजेड़ ने नामांकन भरा। सहसचिव पद हेतु शुभम छाजेड़ एवं चन्द्रपालसिंह शक्तावत ने नामांकन दिया। कोषाध्यक्ष पद के लिए कुशलराज डूंगरवाल एवं मुकेश कुमार खटीक ने दावेदारी की है। पुस्तकालय प्रभारी के पद हेतु ईश्वरलाल धाकड़ ने नामांकन प्रस्तुत किया है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 09 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इसके लिए प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय तय किया गया है। नामांकन वापसी के पश्चात ही अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद शेष प्रत्याशी अपने घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) सार्वजनिक करेंगे।

यदि किसी भी पद पर निर्वाचन की आवश्यकता बनी रहती है तो मतदान 12 दिसंबर 2025 को प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी तथा परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

# 11 वर्षीय मासूम नाबालिग छात्रा को पैसे का लालच देकर छेड़ छाड़ करने का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** भवानी मंडी पुलिस ने 11 वर्षीय मासूम नाबालिग छात्रा को पैसे का लालच देकर छेड़छाड़ करने के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने दो बार बच्चे का रास्ता रोक कर पैसों का लालच देकर मोटरसाइकिल पर बैठने का प्रयास किया था।

भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि 6 दिसंबर को फरियादी ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट दी की सुबह के समय उसकी लड़की घर से स्कूल जा रही थी कि उसके पीछे से एक मोटरसाइकिल वाला व्यक्ति आया और उसकी लड़की से कहा रूक में तुझे 10 रुपये देता हूं मेरी मोटरसाइकिल पर बैठ जा तो मेरी लड़की ने मना कर दिया मेरी लड़की वहां से थोड़ी दूर चली गई मोटरसाइकिल वाला व्यक्ति थोड़ा आगे जाकर वापस मेरी लड़की के पास आया और उससे बोला कि तुझे 100 रुपये दूंगा वह 10 बजे वापस छोड़ दूंगा मेरे साथ मोटरसाइकिल पर चल तो मेरी लड़की डर के मारे वहां से भाग कर चिल्लाकर पास ही चाय वाले की दुकान पर चली गई यह व्यक्ति मोटरसाइकिल से भवानी मंडी की तरफ चला गया जिसे मुंह पर मफलर बांध रखा था मैं ड्यूटी कर आया तो मेरी लड़की चाय की दुकान पर बैठी रो रही थी जिसने मुझे यह सारी घटना बताई अज्ञात मोटरसाइकिल वाले ने मेरी बेटी का गलत नीयत से पीछा किया इत्यादि पर प्रकरण दर्ज किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशन तथा भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक प्रेम कुमार के निकटतम सुपरविजन में भवानी मंडी पुलिस थाना टीम ने तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से 24 घंटे में घटना का खुलासा कर प्रकरण के आरोपी की पहचान की जाकर आरोपी रितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी रितेश कुमार पुत्र रमेश चंद्रा भील उम्र 37 साल निवासी पचपाड़ का रहने वाला है तथा आरोपी शादीशुदा है तथा आरोपी ने अपनी पत्नी को कम पर छोड़कर वापस जाते समय इस घटना को अंजाम दिया था भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार ने सभी आमजन से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चों के साथ घटित किसी भी प्रकार की घटना की अविलंब सूचना करें पोक्सो अधिनियम के तहत ऐसा अपराध करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है।

# यूरिया की कालाबाजारी पर लगाएं अंकुश - तोमर



स्मार्ट हलचल

**बारां।** जिले में रबी सीजन में उपयोग के लिए किसानों को यूरिया खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि सभी किसानों को पारदर्शिता के साथ खाद उपलब्ध कराया जाए। इसमें कालाबाजारी की रोकथाम के लिए कड़ी निगरानी रखने के साथ आकस्मिक जांच की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाए।

मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि कृषकों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अवैध रूप से भण्डारण करने वाले कारोबारियों के साथ सख्ती बरती जाए तथा किसानों को समय पर सुगमता के साथ खाद के वितरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कृषि अधिकारियों से जिले में खाद की आपूर्ति, उपलब्धता व वितरण की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के अनुचित भण्डारण रोकने तथा आवश्यक मात्रा में खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले को लगातार खाद की आपूर्ति प्राप्त हो रही है। जिसे किसानों को प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाए। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धनराज मीणा ने बताया कि जिले में रबी सीजन में फसलों की बुवाई अन्तिम दौर में है। वर्तमान में गेहूं की बुवाई जारी है। कृषि आयुक्तालय जयपुर के आवंटन अनुसार रबी सीजन में यूरिया की आपूर्ति हो रही है। जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को यूरिया खाद का सिफारिश अनुसार उपयोग करते हुए साथ में नैनो यूरिया का भी उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

जिले में यूरिया का कृषि विभाग की निगरानी में कृषि पर्यवेक्षक की मौजूदगी में वितरण करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा उर्वरक सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण एवं वितरण व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर उर्वरक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बैठक में एडीएम भंवरलाल जनागल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा मेडिकल रेटिना नेत्र फैलोशिप के लिए पहुँची कोटा



स्मार्ट हलचल | कोटा

नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा जगदाआने पुणे से मेडिकल रेटिना एवं युविआईटिस नामक फैलोशिप हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर, कोटा पहुंची। डॉ. प्रेरणा जगदाआने संस्थान के रेटिना एवं युविआईटिस विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में इनडायरेक्ट ऑफ्थेलमोस्कोपी, एन्टी-वेज़एफ इंजेक्शन, रेटिनल लेज़र फोटोकोगुलेशन, बराज रेटिनल लेज़र, आदि अनेकों नवीनतम विधियाँ सीखेंगी। संस्थान के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा ने बताया कि विगत् तीन वर्षो में 21 नेत्र चिकित्सक मेडिकल रेटिना एवं युविआईटिस फैलोशिप टेऊेनिंग हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा आ चुके है। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेश पाण्डेय ने डॉ. प्रेरणा जगदाआने को अपनी पुस्तक 'एन्टरप्रोन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स' एवम् 'एक आई सर्जन की डायरीः भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव' भी भेंट की। संस्थान के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा एवं डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. डिम्पल भाकुनी ने बताया कि फैला नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा जगदाआने फेकिक लैन्स इम्पलान्टेशन, टोपिकल फेको कैटरेक्ट सर्जरी एवं प्रीमियम टोरिक, ट्राइफोकल लैन्स इम्पलान्टेशन, लेसिक लेज़र सर्जरी आदि पद्धतियों को भी सीखेंगी। डॉ. प्रेरणा जगदाआने ने बताया कि उनको सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा के चिकित्सकों द्वारा नेत्र चिकित्सा जगत की अत्याधुनिक पद्धति को सीखकर नेत्र रोगियों को रोशनी लौटाने में सहायक बनना है। डॉ. प्रेरणा जगदाआने ने मेडिकल रेटिना एवं युविआईटिस नामक फैलोशिप हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा का फैलोशिप स्वीकृति हेतु आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस नेताओं ने अंता विधायक प्रमोद जैन भाया के जन्मदिवस पर गायों को चारा खिलाया

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं अंता विधायक प्रमोद जैन भाया का 60 वा जन्म दिन मनाया।

पूर्व मंत्री के जन्मदिवस पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया के नेतृत्व में गोपाल गो शाला में गो माता को हरा चारा खिलाया गया एवं केक काटकर जन्म दिन मनाया।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि प्रमोद भाया एक सच्चे समाजसेवी एवं गो भक्त है, वह क्षेत्र की आम जनता का हमेशा ध्यान रखते हैं उन के द्वारा क्षेत्र में एक विशाल विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें कई गरीब परिवारों को मदद मिली। इस अवसर पर उपस्थित, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया, विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश करावन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकेश गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदिप सालेचा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम सिंह एडवोकेट, प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव अखूतर अली, महिला प्रदेश कांग्रेस सचिव करुणा देवी, ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष आनंद काला, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ विकास पांडे, ब्लाक कांग्रेस महासचिव कालू सिंह परमार, युवा नेता अजमल खान, नगर सचिव पीरु लाल मेघवाल, आदि उपस्थित रहे।

# बूंदी चिकित्सालय में प्रसूता व गर्भस्थ शिशु की मृत्यु का मामला

पीड़ित परिवार ने जिला कलेक्टर से लगायी न्याय की गुहार, बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के साथ कलेक्टर से मिला परिवार

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजकीय सामान्य चिकित्सालय में चिकित्सकीय लापरवाही से प्रसूता इंद्राकंवर व गर्भ में 8 माह बच्चे की मृत्यु के मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को पीड़ित परिवार ने राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा व रावणा राजपूत समाज के जिला महामंत्री भंवर सिंह के साथ जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा से मिलकर न्याय की गुहार लगायी।जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने घटनाक्रम को लेकर संवेदना जतायी।जिला कलेक्टर ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलवाया।

परिवार के पास अंतिम संस्कार की भी व्यवस्था नहीं

इस अवसर पर मृतका के जेठ धन सिंह ने जिला कलेक्टर से कहा कि तीन छोटे बच्चों से उनकी मां का सहारा छिन गया है।हमारे परिवार के पास तो अंतिम संस्कार की व्यवस्था नही थी। हमने सपने में भी पता नही सोचा था कि बूंदी हॉस्पिटल में इलाज होने के बजाय उनके भाई की पत्नी व उसके गर्भ में 8 माह के बच्चे की जान चली जायेगी।

सीएम रिलीफ फंड से सहायता दिलवायी जाये

इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने जिला कलेक्टर से कहा पीड़ित परिवार बहुत दयनीय स्थिति में है।परिवार के पास आजीविका का कोई साधन नही है। जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 10 लाख रुपये की सहायता पीड़ित परिवार को दिलवानी चाहिये।शर्मा ने कहा कि बूंदी राजकीय सामान्य चिकित्सालय के हालात सुधारे जाने चाहिये।चिकित्सालय में रोगियों का तत्परता व संवेदनशीलता के साथ इलाज सुनिश्चित किया जाना चाहिये।रावणा राजपूत समाज के जिला महामंत्री भंवर सिंह कानावत ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय नही मिला तो समाज सर्व समाज के सहयोग से आंदोलन करेगा।

इस अवसर पर मृतका के पति मदन सिंह,पीड़ित परिवार के सदस्य धन सिंह,कौशल सिंह,नन्द सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बूंदी एसडीएम लक्ष्मीनारायण मीणा से भी मिलकर रविवार को चिकित्सालय में प्रदर्शन के दौरान जिन मांगो पर सहमति बनी थी प्रशासन की ओर से उन्हें पूरा करने की मांग रखी।

# किशोरियों में मासिक स्वच्छता जागरूकता, इनरव्हील क्लब कोटा ने बांटे 200 सेनेटरी नेपकिन

बाल बाधित विद्यालय में सेनेटरी नेपकिन वितरण, छात्राओं दिया स्वच्छता, संक्रमण से बचाव का मार्गदर्शन




स्मार्ट हलचल | कोटा

इनरव्हील क्लब कोटा द्वारा बालिकाओं व महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के विषय में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव नीरजा कोहली ने ने बताया कि सदस्य झालावाड़ रोड स्थित बाल बाधित विद्यालय पहुँचे, जहां किशोरी छात्राओं को मासिक स्वच्छता, संक्रमण से बचाव तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 200 सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। अध्यक्ष चारू जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है और क्लब आगे भी ऐसे प्रोजेक्ट संचालित करता रहेगा। कार्यक्रम में सचिव नीरजा कोहली, उपाध्यक्ष नीता जैन सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हरसोरा में ग्रामीण खेल महोत्सवः खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर



स्मार्ट हलचल | बानसूर

हरसोरा के गौशाला बावड़ी खेल मैदान में राज फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्रामीण खेल महोत्सव आज उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबी कूद, ऊंची कूद व रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। खेल मैदान सुबह से ही खिलाड़ियों और दर्शकों की भीड़ से गुलजार रहा।महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार, विकास यादव और अभिषेक यादव ने बताया कि ग्रामीण युवाओं की छुपी प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों में ऐसी प्रतिभाएं भरी पड़ी हैं जो सही अवसर मिलते ही राष्ट्रीय स्तर पर चमक सकती हैं। कोच नोभार, मनोज स्वामी और साहिल ने बताया कि राज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अब तक छह स्थानों पर ऐसे आयोजन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और बढ़ती है।

# गोवा अग्निकांड : अंतिम संस्कार के लिए युवक के शव का इंतजार

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** गोवा के नाइट क्लब में बीते शनिवार देर रात सिलेंडर विस्फोट और आग लगने से मरने वाले 25 लोगों में कानपुर के कल्याणपुर का युवक भी शामिल है। उसका अंतिम संस्कार कानपुर में ही होगा। इसीलिए उसके परिजन उसकी लाश को लाने के लिए गोवा चले गए हैं। उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद घर में कोहराम भी मचा है।

जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि जिस नाइट क्लब में हादसा हुआ है, वहां पर युवक नौकरी करता था।

घटना की जानकारी के बाद घर पहुंची पुलिस कोबताया गया कि मूलरूप से नेपाल निवासी सुनीता सिंह का बेटा रोहन सिंह (28) कानपुर के कल्याणपुर बारासिरोही गोपालपुरम में रहने वाले मामा कुंवर सिंह और लाल सिंह के यहां पर रहता था।

जहां से वह नौकरी करने के लिए गोवा गया हुआ था।

अवगत कराते चलें कि बीते शनिवार देर रात नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें कानपुर का रहने वाला रोहन सिंह भी शामिल है। इस भीषणअग्निकांड में मरने वाले में 20 क्लब के ही कर्मचारी थे। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस बारे में अब तक जो जानकारी दी है उसके मुताबिक शुरुआती जांच मैं पाया गया है कि यह आग पटाखे फोड़ने से लगी। कुछ लोग बाहर आ गए, लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। इन्हीं करने वाले लोगों में रोहन सिंह भी शामिल था उसके पिता

लाल सिंह ने बताया कि घटना के बाद गोवा के अफसरों ने हमसे संपर्क किया था। इसके बाद हादसे में रोहन के मौत की जानकारी दी। मुंबई में रहने वाले परिवार के लोग गोवा के लिए रवाना हो गए हैं। अब शव को कानपुर लाया जाएगा ,जिसके बाद यहीं रोहन का अंतिम संस्कार होगा। इस घटना से उसके परिवार में लगातार कोहराम भी मचा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग भी घटना की जानकारी और सांत्वना देने के लिए उसके घर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसके शव का इंतजार किया जा रहा है।

# गुजरात कैडर के सीनियर आईएएस लोचन सिंह मीना ने सिकरौदा के विद्यार्थियों को वितरित की जर्सियाँ



स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़/सिकरौदा

राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिकरौदा मीना तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकरौदा जट्ट में आज गुजरात कैडर के सीनियर आईएएस श्री लोचन सिंह मीना द्वारा प्रथम कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को जर्सी (हुडी) वितरण किया गया। यह कार्यक्रम उनकी माताजी स्व. श्रीमती बाड़ा देवी की 15वीं तथा पिताजी स्व. श्री बसंता जी की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। दोनों विद्यालयों में कुल 60-70 विद्यार्थियों को जर्सियाँ प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान श्री लोचन सिंह मीना ने गुजरात सचिवालय से गूगल मीट के माध्यम से बच्चों, विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ने, अनुशासन और सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।

इस ऑनलाइन कार्यक्रम में– डॉ. शिव ओम मीना, प्रोफेसर, MNIT जयपुर लाखन सिंह मीना, दिल्ली रविन्द्र शर्मा, भोपाल भी जुड़े रहे।

फ़ाउंडेशन द्वारा निरंतर सहयोग

श्री एस फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री लोचन सिंह मीना को धन्यवाद देते हुए बताया कि फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर क्षेत्र के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाती रही है।

इस अवसर पर उपस्थित रहे– प्रधानाचार्य धर्मेंद्र बंसल, प्रधानाध्यापक सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापिका हेमन्द्र सोलंकी, श्री किशन मीना, श्री चरण सिंह मीना, श्री काशी राम मीना, श्री भगवान सहाय सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन। ग्रामीण काशी राम जी ने इस अवसर पर स्वरचित पद भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। यह जानकारी श्री एस फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. शिव ओम मीना द्वारा प्रदान की गई।

# हर्षिल बाढ़ः लापता अग्निवीर सचिन को किया मृत घोषित

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** उत्तराखंड राज्य के जनपद उत्तरकाशी की तहसील भटवाड़ी के हर्षिल में 05 अगस्त 2025 को तेलगाड़ गदेरे में आई भीषण बाढ़ और मलबे की घटना में लापता हुए 14वीं बटालियन दी राजपुताना राईफल्स, हर्षिल के अग्निवीर सचिन पुत्र प्रदीप को अनंतिम (अस्थाई) रूप से मृत घोषित कर दिया गया है। सचिन ग्राम गहरवास (गागड़वास), पोस्टमार्टम सूरतपुरा, तहसील राजगढ़, जिला चूरू, राजस्थान के निवासी थे। यह घोषणा उप जिला मजिस्ट्रेट, भटवाड़ी, उत्तरकाशी के पत्रांक पर जिलाधिकारी , उत्तरकाशी के पृष्ठांकन आदेश दिनांक 03.10.2025 के अनुपालन में '' मृत्यु की उपधारणा के आधार पर दिनांक 05 दिसंबर 2025 को की गई है।

सचिन के लापता होने के संबंध में उनके परिजनों द्वारा थाना हर्षिल, उत्तरकाशी में दिनांक 07.09.2025 को प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0023 दर्ज करवाई गई थी। घटना की जांच तहसीलदार भटवाड़ी की संख्या दिनांक 16.08.2025 एवं दिनांक 20.09.2025 के आधार पर की गई। पूर्ण विवेचना उपरान्त थानाध्यक्ष, थाना हर्षिल द्वारा न्यायालय को अंतिम रिपोर्ट संख्या 01 दिनांक 08.11.2025 को प्रेषित की गई थी।

शासनादेश में निहित प्रावधानों के अनुसार, सचिन को मृत घोषित किए जाने के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो वे दिनांक 30.12.2025 तक कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजगढ़ (चूरू) में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

# ब्यावर में ऑटो रिक्शा चालकों पर कार्रवाई से बढ़ी परेशानियाँ, सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर में पिछले कुछ दिनों से यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई के विरोध में सोमवार को ऑटो रिक्शा चालकों ने जिला कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही पर रोक लगाने व जायज़ मांगों को मानने की अपील की। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के सभी ऑटो चालकों को बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार रुकवाया जा रहा है, जिससे उनका रोज़गार प्रभावित हो रहा है। चालकों ने कहा कि उनके पास पहले से ही सीमित साधन हैं, ऊपर से प्रतिदिन 10 से 12 हजार रुपये तक का चालान थोपे जाने से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।ऑटो चालकों का कहना है कि बीते कुछ वर्षों में कोविड-19 व महंगाई की वजह से पहले ही आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी है। ऐसे में प्रशासन की कड़ी कार्रवाई से उनकी रोज़ी-रोटी खतरे में पड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर ऑटो को बिना कारण जब्त भी किया जा रहा है।



### ज्ञापन में ऑटो चालकों ने जिला प्रशासन से निम्न मुख्य मांगें रखीं–

1. ऑटो रिक्शा में 5 से 6 सवारी बैठाने पर रोक हटाई जाए, क्योंकि इसी से उनकी आजीविका चलती है।

2. स्कूली बच्चों के परिवहन की अनुमति दी जाए, जिससे चालकों को स्थायी आय का साधन मिल सके। परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा बार-बार की जाने वाली कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, ताकि ऑटो चालकों को बिना डर-भय के रोजगार करने दिया जा सके।

चालकों ने यह भी कहा कि सुबह-शाम स्कूल-कॉलेज के समय शहर में यातायात का दबाव अधिक रहता है, ऐसे में बिना कारण ऑटो रोकने से ट्रैफिक जाम बढ़ता है और यात्रियों को भी परेशानी होती है।

एक चालक ने बताया कि– 'हम दिनभर मेहनत कर जो थोड़ा-बहुत कमाते हैं, उसी से परिवार चलता है। यदि 10-12 हजार का चालान काट दिया जाएगा, तो हम घर कैसे चलाएँगे। ऑटो चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के यातायात प्रबंधन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए, जिससे न तो ट्रैफिक प्रभावित हो और न ही ऑटो चालकों का रोजगार। ज्ञापन सौंपते समय जिला ऑटो यूनियन अध्यक्ष घनश्याम सिंह भाट, उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन रंगरेज, महासचिव महेंद्र परिहार, महामंत्री महेंद्र सिंह रावत, लाल गुर्जर, महादेव सिंह रावत, सचिव अजीत काठात उपस्थित रहे। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष मुकेश दगदी, बाबू कासिम, प्रचार मंत्री मोहम्मद शाकिर, संगठन मंत्री राजू नाथ योगी, राजेंद्र तंवर तथा यूनियन के विधि सलाहकार एडवोकेट शंभू यादव भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में ऑटो चालकों को आ रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को अवगत कराया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# ओबीसी पर कांग्रेस का 'पावर फॉर्मूला': जुली ने कहा- विधानसभा में उठाऊंगा आपके हक की लड़ाई, ओबीसी को महत्व दिए बिना सत्ता में वापसी असंभव

**सब-हेडिंग: प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव बोले- छोटी जातियों को जोड़ा, अब चुनाव में मान-सम्मान देना होगा, 14 दिसंबर की दिल्ली महारैली में जाएंगे 2500 पदाधिकारी**

स्मार्ट हलचल| जयपुर






राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी, संभागीय अध्यक्षों और जिलाध्यक्षों की संयुक्त संगठनात्मक बैठक सोमवार को प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी चुनावों में ओबीसी पदाधिकारियों को उचित महत्व देने पर जोर दिया गया, जिसे सत्ता में वापसी के लिए अनिवार्य बताया गया।

### जुली का आश्वासन: हर हक की लड़ाई लड़ूंगा

बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जुली ने ओबीसी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बड़ा आश्वासन दिया। जुली ने कहा, 'आपके हक और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई लडने के लिए मैं सदैव आपके साथ हूँ। आपकी कोई भी समस्या जो विधानसभा में उठाने लायक है, वह मुझे बताएं। मैं उसे विधानसभा में उठाऊंगा और ओबीसी के पदाधिकारियों के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे।

### ओबीसी के बिना सत्ता वापसी असंभव: हरसहाय यादव

प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद के निर्देशन में ओबीसी की अति पिछड़ी और छोटी जातियों को भी संगठन में जोडने का काम किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी कोई से भी चुनाव हो, उसमें ओबीसी कांग्रेस के पदाधिकारियों को भी महत्व देना होगा तभी हम सत्ता में वापसी कर सकते हैं।

### संगठन में महत्व देने के आदेश जारी

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री ललित कुमार तुनवाल ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि ओबीसी के जिलाध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारियों को भी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकों में बुलाने के आदेश दे दिए गए हैं, जिससे ओबीसी नेताओं का महत्व बढ़ेगा।

ओबीसी राष्ट्रीय नेता एवं एडवाइजरी काउंसलिंग के सदस्य राजेन्द्र सेन ने इस बात पर जोर दिया कि, 'जिसकी जितनी संख्या, उतनी उसकी भागीदारी' सुनिश्चित करने का काम हमारे नेता राहुल गांधी कर रहे हैं।

### महापुरूषों की जीवनी पढ़ें और दिल्ली चलें

बैठक के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं विधायक डूंगरराम गेदर ने संघर्ष की प्रेरणा लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें महापुरषों की जीवनियों को पढ़ना चाहिए, जिससे हमारी सोच में परिवर्तन आएगा और संघर्ष करने की प्रेरणा मिलेगी। ओबीसी प्रभारी मनीष यादव ने कहा कि ओबीसी के हक की लड़ाई राहुल गांधी जी लड रहे हैं, हमें उनके हाथ मजबूत करने के लिए संगठित होना पडेगा। संगठन महामंत्री सागर मावर ने मंच संचालन किया। प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने बताया कि 14 दिसंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली महारैली में ओबीसी कांग्रेस से लगभग 2500 पदाधिकारी जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में पीसीसी महासचिव ताराचंद, जोधपुर संभाग अध्यक्ष मोती बाबा सांखला, जयपुर संभाग अध्यक्ष अनुभव चंदेल, बीकानेर संभाग अध्यक्ष अमित कदासरा, भरतपुर संभाग अध्यक्ष अजय सिंह महुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष हरि शंकर जांगिड़, प्रदेश सचिव डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, प्रदेश सचिव सुमन चौधरी, टोंक जिलाध्यक्ष पंकज यादव सहित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सभी संभाग अध्यक्ष एवं 47 जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

# दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के लिए कमेटी गठित, सौंपी जिम्मेदारियां



स्मार्ट हलचल

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के लिए कमेटी का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंप गई।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित 14 दिसंबर की दिल्ली रैली के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहमति से जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक इंदरराज गुर्जर ने जिले की कमेटी का संयोजक पूर्व जिला परिषद सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीश मीणा को नियुक्त किया है। सभी नियुक्त पदाधिकारी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।सभी पदाधिकारी ने जिम्मेदारी को पूरी टीम के साथ निभाते हुए जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस जनों को रैली में ले जाने का कार्य करेंगे एवं टीम के साथियों को लेकर पूरे जिले का दौरा करेंगे।

# एक्सप्रेस-वे भूमि अधिग्रहण पर ग्रामीणों का विरोध

### नरबदखेड़ा, केसरपुरा, सिंगाड़िया के लोगों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जामनगर मार्ग एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण के विरोध में नरबदखेड़ा, केसरपुरा और सिंगाड़िया के ग्रामीणों ने सोमवार 08 दिसबंर को ब्यावर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने अपनी आबादी, अस्पताल, स्कूल, खेती और धार्मिक स्थलों को बचाने की मांग की। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों के अनुसार, एक्सप्रेस-वे के प्रारंभिक नक्शे में लगभग 1200 परिवार और करीब 4000 लोगों की आबादी वाला क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।

इसमें राजकीय माध्यमिक स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, कृषि भूमि, आवासीय मकान और धार्मिक स्थल शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्रों में कई वर्षों से बसे परिवार खेती, पशुपालन और छोटे व्यापार से अपनी आजीविका चलाते हैं। भूमि अधिग्रहण लागू होने पर ग्रामीणों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विस्थापन एक बड़ी समस्या बन जाएगी।

ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि यदि नया रास्ता प्रस्तावित किया जाता है, तो इसका सीधा असर गांवों पर पड़ेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आजीविका के साधन समाप्त हो जाएंगे। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख है, 'न नया बसावट स्थल हमारे लिए संभव है, न ही आजीविका छोड़कर कहीं और बसना।' ग्रामीणों ने मांग की है कि एक्सप्रेसवे के लिए ऑप्शनल रास्ता अपनाया जाए ताकि आबादी और कृषि भूमि सुरक्षित रह सके। यदि यह संभव न हो, तो प्रभावित सभी परिवारों के लिए पुनर्वास, मुआवजा और अन्य सुविधाओं की स्पष्ट नीति घोषित की जाए। ग्रामीणों ने अंत में अधिग्रहण प्रक्रिया को रोकने और उनकी समस्या का समाधान निकालने की अपील की।

# आंगनबाड़ी कार्मिको एवं ग्राम साथिनों ने किया उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त एवं दिया मांगो का ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**चाकसू।** महिला एवं बाल विकास विभाग मे कार्यरत कार्यकर्ता एवं ग्राम साथिनो ने बीजेपी कार्यालय में उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी जी का सेवा पृथक ग्राम साथिनों की मानदेय सेवा बहाल करने एवं दीवावली पर 501 रुपये मिठाई, एवं छाता देने पर सरकार का आभार व्यक्त किया। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ संस्थापक छोटीलाल बुनकर के नेचत्व में शिष्टमंडल ने मांगो के संदर्भ में कुमारी जी कोशापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष रचना शर्मा ने बताया कि ज्ञापन, में नियमितिकरण के लिए नीति बनाने, जब तक कार्मिकों सम्मानजनक वेतनवृद्धि जो भारत सरकार के न्यूतम मजदूरी के बराबर 24800 रुपये करने, ठेका नियमों के विपरित कुम्हेर परियोजना का कांग्रेस सरकार के समय दिये गये ठेके को निरस्त करने, बजट घोषणा की पालना जिसमें आंगनवाडी एवं ग्राम साथिन कार्मिको, को सेवानिवृति पर10 लाख रु का ग्रेच्यूटी भुगतान करने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन दिया गया। नव नियुक्त बीजेपी की प्रदेशमंत्री एकता अग्रवाल का भी कार्यालय में स्वागत किया गया।प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री गायत्री महावर, जिला मंत्री नैना देवी मीणा, व शारदा जांगिड, सरिता शर्मा, सपना बुनकर, संजो बानों की भी सहभागिता रही।

# सर्दी का सितम जारी हुआ वैसे ही चोरों की भी आहट शुरू



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर(जयपुर)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के गोपीपुर गांव में पशुपालकों की अब चोरों ने नींद हराम कर दी है जैसे ही सर्दी का सितम जारी हुआ वैसे ही चोरों की भी आहट शुरू दिखाई देने लग गई इसी का एक नजारा सोठाना ग्राम पंचायत के गोपीपुर गांव में देखने को मिला जहां पशुपालकों की 8 बकरियों को चोरी कर करीब लाखों रुपयों का नुकसान चोरों ने पशुपालकों को पहुंचाया करीब 1 वर्ष पहले भी काफी पशु चोरी हो चुके है जिसमें पुलिस अब तक कोई खुलास नहीं कर पाई इसी दरमियान आज फिर एक चोरी की घटना सामने आई चोरी की घटना सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाते हुए ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने विराटनगर - पावटा सड़क मार्ग जाम कर करीब 1 घंटे तक विरोध जताया ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइस की और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे में शीघ्र ही चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने 7 दिन में वारदातों का खुलासा नहीं किया तो यह आंदोलन और भी उग्र होगा।

# लाखों के गहने-नकदी चोरी मामले में खुलासा: जवाजा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, माल बरामद

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** जवाजा थाना पुलिस ने लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया है। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा (आरपीएस) और वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। जवाजा थाना अधिकारी राजेंद्र ताड़ा के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने इन आरोपियों को पकड़ा।

घटना 13 अगस्त की रात की है। जवाजा थाना क्षेत्र के नीमड़ीखेड़ा, नाईकलां निवासी बीरम सिंह पुत्र गाजी सिंह ने 14 अगस्त को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ले गए थे।

पुलिस जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में सक्रिय दो युवक इस वारदात में शामिल हैं। इसके बाद पुलिस ने लगातार दबिश देकर कुंडल निवासी देवेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान देवेंद्र सिंह (24 वर्ष) और वीरेंद्र सिंह (26 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों कुंडाल थाना जवाजा के निवासी हैं।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना अधिकारी राजेंद्र ताड़ा के साथ हेड कॉन्स्टेबल रामकरण, हेड कॉन्स्टेबल मोहनलाल, कॉन्स्टेबल विजय कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुमार, विजेंद्र, जितेंद्र और रजनीकांत शामिल थे।

# 06575 यशवंतपुर-अजमेर विशेष ट्रेन का संचालन

**यह गाड़ी कोटा मंडल के शामगढ़, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी**

स्मार्ट हलचल| कोटा

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा 06575 यशवंतपुर-अजमेर एकतरफा विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि 10 दिसंबर को गाड़ी संख्या 06575 यशवंतपुर-अजमेर विशेष यशवंतपुर से प्रातः 07.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी मार्ग में शामगढ़ 14.20/14.22, भवानीमंडी 14.43/14.45, रामगंजमंडी 15.03/15.05, कोटा 16.05/16.15 तथा सवाई माधोपुर 17.25/17.35 पर निर्धारित ठहराव करती हुई उसी दिन अजमेर में 22.30 बजे पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में 07 वातानुकूलित श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी तथा 04 सामान्य श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 22 कोच सम्मिलित होंगे।

यह गाड़ी मार्ग में यशवंतपुर जंक्शन, यलहंका जंक्शन, धर्मावरम जंक्शन, टाटीचेर्ला, गुन्तकल जंक्शन, वाडी, कलबुर्गी, सोलापुर जंक्शन, कुर्डुवाड़ी, दौंड जंक्शन, पुणे जंक्शन, लोणावला, कल्याण जंक्शन, वसई रोड, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, शामगढ़, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर जंक्शन, किशनगढ़ तथा अजमेर जंक्शन स्टेशनों पर ठहरेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व गाड़ी के समय एवं ठहराव की नवीनतम जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# सात साल से बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को पुनः शुरू करवाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

निकटवर्ती बुर्जा ग्राम पंचायत के कुल गांव में सोमवार को ग्रामीणों ने सात साल से बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को पुनः शुरू करवाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र बंद होने से छोटे बच्चे पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार जिला कलेक्टर, एसडीएम, विकास अधिकारी और संबंधित विभागों को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण नीरज कुमार ने बताया कि केंद्र को चालू करवाने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं 50 हजार रुपये जुटाकर भवन की मरम्मत भी करवाई, फिर भी विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र जल्द शुरू नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। विरोध में वार्ड पंच मालाराम, भानू प्रकाश, रतिराम, गोपीराम, रामेश्वर दयाल, अशोक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# चाकसू सैनी समाज ने 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन फुलेरा दोज 19 फरवरी को करने का निर्णय लिया

स्मार्ट हलचल



**चाकसू।** चाकसू सूरजकुंड रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान परिसर में माली समाज महासभा चौरासी की सभा का आयोजन जगदीश सैनी माधोराजपुरा की अध्यक्षता में किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में (फुलेरा दोज)19 फरवरी 2026 को करने का निर्णय किया, प्रत्येक जोड़े पंजीयन शुल्क की राशि 21000 -21000 वर-वधु के लिए निर्धारित की गई, वहीं विकलांग एवं जिनके मां-बाप नहीं हैं(अनाथ) ऐसे विवाह योग्य बच्चों का निशुल्क पंजीयन होगा। सम्मेलन में सहयोग स्वरूप विभिन्न भामाशाहों और फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसी लाल बरखेड़ा द्वारा खाद्य सामग्रियों की घोषणा की,,

तथा आगामी महासभा (परिचय सम्मेलन)14 दिसंबर 2025 को करने का निर्णय किया गया, गोपाल सोलंकी चावडीया वालों की 21000 रुपए सहयोग राशि की घोषणा की गई साथी रामनारायण सरस्वाल चंदेल वालों की संपूर्ण जोड़ों का हवन सामग्री की घोषणा की।

मिटीग में राधेश्याम सैनी केलाश जगदीश मोरीया जादम रामवतार रामेश्वर चुलीवाल बेलीराम अजमेरा रामगोपाल सैनी बिजली वाले सरवन दासला सुरेश कोटखावदा हनुमान सिंह सैनी ग्यारसी लाल महादेव बरखेड़ा वीनोद गोपाल सोलंकी सैनी मोहनलाल सोलंकी श्रवण पुरण दुवारीया भवर सरस्वाल आदि पंच लोग मौजूद रहे हैं।

# पीएम श्री दूनी की जिला स्तर पर विजेता रही फुटबॉल टीम को बांटे ट्रैकसूट



स्मार्ट हलचल । दूनी/टोंक

उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सादा समारोह आयोजित कर जिला स्तर पर विजेता फुटबॉल टीम को ट्रैक सूट वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल कुम्हार एवं तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा के हाथों ट्रैकसूट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुम्हार ने कहा कि दूनी विद्यालय फुटबॉल खेल में सदैव अव्वल रहता आया है इस प्रकार छात्रों को प्रोत्साहित करने पर अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। शिक्षक सुरेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि यह ट्रैकसूट स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल जाट की तरफ से विजेता टीम के 13 खिलाड़ियों को प्रदान किए गए। यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी कि 17 वर्षीय फुटबॉल टीम जिला स्तर पर विजेता रही थी। इस अवसर पर सीएमसी एसडीएमसी सदस्यों सहित स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# यूपीएससी के सचिव शशि रंजन ने अपने ख़िलाफ़ दायर अवमानना याचिका में कोर्ट में लगायी प्रार्थना

**जयपुर, पंकज चौधरी, आईपीएस द्वारा दायर अवमानना याचिका में यूपीएससी सचिव की बढ़ी मुश्किलें**

स्मार्ट हलचल| बूंदी/ जयपुर

राजस्थान कैडर के 2009 बैच के चर्चित आईपीएस पंकज चौधरी पुनः चर्चा में है।हाल यूपीएससी सचिव शशि रंजन कुमार,आईएएस के ख़िलाफ़ दायर अवमानना याचिका ने यूपीएससी सचिव की मुश्किलें बढ़ा दी है।शशि रंजन ने अपने वकील के ज़रिए कोर्ट में जवाब भेजा है और अवमानना ना चलाए जाने के लिए प्रार्थना किया है।

पंकज चौधरी कार्य व ईमानदारी के लिए जाने जाते है।इस कड़ी में उनका विवादों ने भी पीछा नहीं छोड़ा।सर्विस से बाहर होने पर मजबूती से अपना पक्ष कोर्ट में रख पुनः सेवा में आए चौधरी ने पुनः अपने रूख से सभी को अचंभित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार,यूपीएससी व राज्य सरकार को कोर्ट के निर्णय के अधीन पंकज चौधरी को सर्विस में बहाल करने के साथ सभी अनुलाभ दिए जाने



थे।कुछ अधिकारियों की व्यक्तिगत कुंठा व लापरवाही से प्रकरण में तीन वर्ष से अधिक समय में कोर्ट के निर्देश के अनुरूप निर्णय नहीं लिए गए और फाइल राज्य सरकार से होती हुई यूपीएससी व गृह मंत्रालय भारत सरकार घूमती रही।अंततः पंकज चौधरी ने कोर्ट में डीआईजी प्रमोशन की वर्ष 2024 मार्च महीने में याचिका दाखिल किया।बजाय प्रमोशन दिए जाने के राज्य सरकार ने विधि विरुद्ध व कोर्ट के निर्णय के विपरीत जाते हुए डिमोशन का आदेश फरवरी 2025 में तत्कालीन कार्मिक सचिव केके पाठक,आईएएस ने निकाल दिया, जिसकी देशभर में आलोचना हुई और पंकज चौधरी से इस आदेश को चुनौती दी और 16 मई 2025 को कोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश पर स्थगन जारी कर दिया।इधर डीआईजीके प्रमोशन पर याचिका में भी राज्य सरकार ने अनावश्यक देरी कर दिया।जिस आईपीएस को 2009 में डीआईजी का प्रमोशन मिल जाना चाहिए था वो राज्य सरकार व यूपीएससी के अधिकारियों की लापरवाही से विलंबित हो गया।सूत्र बताते है की वर्ष 2012 बैच के आईपीएस जहाँ 1 जनवरी 2026 को डीआईजीका प्रमोशन पा जाएँगे वही पंकज चौधरी के प्रकरण ने राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों की लापरवाही व कुंठा से एक ईमानदार व मजबूत अधिकारी के प्रमोशन को अटका दिया।इस कड़ी में यूपीएससी सचिव शशि रंजन कुमार,आईएएस को जारी अवमानना याचिका और सचिव द्वारा प्रार्थना पत्र ने प्रशासनिक गलियारे में हलचल पैदा की दी है।

# डॉ. अरुण नागरथ के निधन पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में शोक की लहर

स्मार्ट हलचल



**सैफई( इटावा)।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के पूर्व निदेशक एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुण नागरथ के निधन की खबर से उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में शोक की लहर क्लियर दौड़ गई। उनके निधन से चिकित्सा शिक्षा, शोध एवं रोगी-सेवा के क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुँची है।

प्रशासनिक भवन में आयोजित शोक सभा में शोक सभा में कुलपति प्रो0 डॉ अजय सिंह ने शोक संदेश पढ़ते हुए गहरी संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए स्वर्गीय डॉ. अरुण नागरथ को श्रद्धांजलि दी, इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य और प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ अरुण नागरथ को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।


प्रोफेसर डॉक्टर वैभव कांति ने बताया कि डॉ. नागरथ ने 01 जुलाई 2009 को प्रोफेसर के रूप में यूपीयूएमएस में अपनी सेवाओं की शुरुआत की और 03 नवंबर 2018 तक अपने उत्कृष्ट ज्ञान, अनुभव और समर्पण से संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 20 नवंबर 2012 से 30 दिसंबर 2012 तक कार्यवाहक निदेशक का दायित्व संभालकर अपने उत्कृष्ट प्रशासनिक कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया जिससे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थागत दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

एक कुशल सर्जन, उत्कृष्ट शिक्षक और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता के रूप में डॉ. नागरथ का व्यक्तित्व अत्यंत सम्मानित रहा। एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा से एमबीबीएस (1972) एवं एमएस (1975) पूर्ण करने के बाद उन्होंने लंबे समय तक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में सेवाएँ दीं और अपने अकादमिक जीवन में 100 से अधिक स्त्रीरोग विशेषज्ञों को शोध-निर्देशन प्रदान कर चिकित्सा जगत को समृद्ध किया।

इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार ने डॉक्टर अरुण नागरथ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि डॉक्टर अरुण नागरथ ने कई महिलाओं का जीवन बचाया है। आजकल के डॉक्टर जरा सी बीमारी में बच्चेदानी को बाहर निकाल कर महिलाओं का जीवन बर्बाद कर देते हैं लेकिन डॉक्टर अरुण नागरथ महिलाओं के इलाज में बहुत माहिर थे और देश के प्रसिद्ध चिकित्सक थे। हजारों महिलाओं को उन्होंने नया जीवन दिया है। उनकी सोच थी कि जब इलाज से ही बच्चेदानी का रोग ठीक हो जाये तो बच्चेदानी को क्यों निकाला जाए। उनके निधन पर अपूरणीय क्षति हुई है।

# जयशंकर का लाल किले से संदेश- अमूर्त विरासत है मानवता की साझा पूंजी

स्मार्ट हलचल | शाश्वत तिवारी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमूर्त विरासत को मानवता की साझा पूंजी बताते हुए कहा है कि परंपराएं, भाषाएं, संगीत, शिल्पकला और अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के अन्य स्वरूप मानव संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति है, जो सभी की साझा संपत्ति है तथा सभी के द्वारा संरक्षित की जाती है।

डॉ. जयशंकर ने 7 दिसंबर को लाल किले में आयोजित अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर यूनेस्को की महत्वपूर्ण बैठक के उद्घाटन समारोह में यूनेस्को की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विरासत को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी वैश्विक समुदाय की सामूहिक प्रतिबद्धता है।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्री ने कहा एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में गहन सहयोग के माध्यम से वैश्विक शांति और समझ को बढ़ावा देने के यूनेस्को के उद्देश्यों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में, मानव जाति को अपने पूर्वजों की विरासत से लाभ हुआ है। जैसे-जैसे हम प्रगति और समृद्धि की साझा खोज में आगे बढ़ते हैं, यह आवश्यक है कि हम इस विरासत का पोषण करें और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। कई यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का घर होने के अलावा, भारत ने स्वयं दुनिया भर में कई संरक्षण और संवर्धन परियोजनाएं शुरू की हैं।

बता दें कि भारत पहली बार इस अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र की मेजबानी कर रहा है, जो 8 से 13 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में नामांकन पर विचार करेंगे, मौजूदा प्रविष्टियों की स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता पर अंतिम निर्णय लेंगे। भारत ने इस मौके पर विषयगत दीर्घाओं से लेकर पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं तक, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को लाल किला परिसर में भव्य रूप से प्रदर्शित किया है।

# दिल्ली महारैली को लेकर बैठक आयोजित, रैली के लिए 20 बसों की व्यवस्था

स्मार्ट हलचल




**नारायणपुर।** कस्बे में सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित बोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद रैगर की अध्यक्षता तथा प्रभारी राजेन्द्र मीणा के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में महारैली को सफल बनाने की विस्तृत रणनीति तैयार की गई। ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद रैगर ने बताया कि नारायणपुर ब्लॉक से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने के लिए 20 बसों की व्यवस्था की जा चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए यह रैली एक निर्णायक साबित होगी। प्रभारी राजेन्द्र मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह रैली जनता की आवाज बनेगी। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर अधिक से अधिक कार्यकर्ता और समर्थकों को रैली में शामिल होने का आह्वान किया। सभी ने संयुक्त रूप से महारैली को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई तथा परिवहन, प्रवेश व्यवस्था और समन्वय के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई। बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष सुभाष सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सैनी, महेश सैनी, कल्लू राम गुवारिया, शिम्भूदयाल सैनी, अशोक सैनी, कमलेश प्रजापत, अक्कू शर्मा, महेंद्र सैनी, मुंशी गुर्जर, देशराज गिराटी, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही, पेयजल को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को जमकर घेरा

स्मार्ट हलचल | बानसूर



पंचायत समिति सभागार में आयोजित साधारण सभा की बैठक सोमवार को हंगामेदार रही, जहां जनप्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही और विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक की शुरुआत से ही क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर अधिकारियों को कठघरे में खड़ा किया गया। सबसे प्रमुख मुद्दा जल जीवन मिशन के चालू न होने और ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट का रहा। रामपुर के प्रशासक मुकेश जिलोवा, सबलपुरा के विजेंद्र यादव, कल्याणपुरा के हरफूल मीणा और भूपसेड़ा के प्रतिनिधियों ने बताया कि गांवों में लंबे समय से पानी की किल्लत है, जबकि जलदाय विभाग शिकायतों का जवाब तक नहीं देता। सड़क मरम्मत, बिजली सुधार, स्वच्छता और सरकारी योजनाओं के कमजोर क्रियान्वयन पर भी जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को जमकर घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी समय पर फील्ड में नहीं जाते और समस्याओं का समाधान नहीं करते। एसडीएम ने लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए और शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में एसडीएम अनुराग हरित, प्रधान सुमन यादव, विकास अधिकारी, तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।





# जब नवग्रहों के राजा भगवान सूर्य को भी शिवजी के कोप का शिकार बनना पड़ा

ब्रह्मवैवर्त पुराण में ऐसी है एक कथाभगवान शिव कितने भोले हैं यह तो सभी जानते हैं। कभी वह शिवलिंग के ऊपर बंधे घंटे को चोरी करने वाले को अपना भक्त मान लेते हैं। तो कभी पेड़ पर चढ़े शिकारी के यूं ही बेलपत्र तोड़कर नीचे फेंकने को उसकी भक्ति समझ लेते हैं। यही नहीं उससे प्रसन्न होकर वह उसे सर्वस्य दे भी देते हैं। इससे इतर भोले भंडारी को यदि क्रोध आ जाए तो वह कितना विकराल रूप ले लेता है। इसका उदाहरण भी धर्म शास्त्रों में देखने को मिलता है। 18 पुराणों में सबसे प्राचीनतम पुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण में ऐसी ही एक कथा मिलती है जब नवग्रहों के राजाधिराज भगवान सूर्य को भी शिवजी के कोप का शिकार बनना पड़ा। आइए जानते हैं क्या है पूरी कहानी?

## इसलिए आया था अवढरदानी को गुस्सा

मनुष्य, देवता या फिर दैत्य जो भी भगवान शिव की शरण में पहुंचता है। वह बिना किसी भेदभाव के सभी पर कृपा करते हैं। एक बार दैत्य माली और सुमाली भी उनकी शरण में अपनी पुकार लेकर पहुंचे। वह गंभीर शारीरिक पीड़ा से त्रस्त थे। सूर्य देव की अवहेलना से उन्हें इस व्याधि से भी मुक्ति नहीं मिल रही थी। अपनी करुण पुकार लेकर वह भगवान शिव की शरण में पहुंचे।



## तब कश्यप नंदन सूर्य पर शिव ने किया प्रहार

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार भगवान शिव अपनी शरण में आए दैत्य माली-सुमाली की दारुण व्यथा सुनकर अत्यंत क्रोधित हुए। उन्होंने कश्यप नंदन सूर्य पर अपने त्रिशूल से प्रहार कर दिया। उस समय संपूर्ण लोकों को प्रकाशित करने वाले सूर्य देव अपने सात घोड़ों के रथ पर विराजमान थे। वह भोलेनाथ का प्रहार सहन नहीं कर पाए और रथ से नीचे गिर कर अचेत हो गए। उनके गिरते ही संपूर्ण सृष्टि अंधकार में डूब गई।

## कश्यप ऋषि ने दिया भगवान शिव को शाप

संपूर्ण जगत में अंधियारा होने पर सूर्य देव के पिता कश्यप ऋषि को अपने पुत्र की चिंता हुई। जैसे ही वह भगवान सूर्य के पास पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके पुत्र पर भगवान शिव ने प्रहार किया है। वह क्रोध से आग बबूला हो गए और अपना संयम खो बैठे। आवेश में आकर उन्होंने शिवजी को शाप दे डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज वह अपने पुत्र की हालत पर रो रहे हैं। एक दिन उन्हें भी ऐसे ही दु:खी होना पड़ेगा। वह भी पुत्र कष्ट से रोएंगे।

## ऐसे दिया भोले ने सूर्य देव का जीवन दान

कुछ ही क्षणों में जब भगवान शिव का क्रोध शांत हुआ तो उन्होंने देखा कि संपूर्ण सृष्टि में अंधकार होने से हाहाकार मचा है। उन्होंने सूर्य देव को जीवन दान दिया। तभी शिवजी को ऋषि कश्यप के शाप के बारे में पता चला। उन्होंने सभी का त्याग करने का निश्चय किया। यह सुनकर ब्रह्माजी भगवान सूर्य के पास पहुंचे। उन्हें उनके कार्य का दायित्व सौंपा। इसके बाद शिवजी, ब्रह्मा और ऋषि कश्यप सभी ने सूर्य को आशीर्वाद दिया और अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए।ये पौधे दूर कर देते हैं लाइफ की सारी टेंशन, मनचाही मुरादें भी करते हैं पूरीमाली-सुमाली की व्याधि भी हुई दूरसूर्य जैसे ही अपनी राशि पर आरूढ़ हुए माली-सुमाली पुन: शारीरिक कष्ट से जूझने लगे। तब ब्रह्मा जी ने स्वयं ही दोनों दैत्यों को सूर्य की उपासना का महत्व समझाया और कहा कि पूरी निष्ठा से उनकी उपासना करें। उनकी कृपा से ही वह पूर्ण रूप से निरोगी होंगे। तब माली-सुमाली ने ब्रह्मा जी के कहे अनुसार सूर्य देव की पूजा- आराधना की। उनकी पूजा से प्रसन्न होकर सूरज देवता ने उनकी समस्त शारीरिक व्याधियों का अंत कर दिया।

# ऐसा क्या हुआ देवी लक्ष्मी ने रुला दिया भगवान विष्णु को

कहते हैं कि जिस भी घर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है वहां सुख-शांति का वास होता है। दांपत्य जीवन भी सुखमय होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इक बार ऐसा भी हुआ कि श्री हरि को भी माता लक्ष्मी की वजह से रोना पड़ा। आइए जानते हैं क्या है पूरी कहानीजब श्री हरि के संग होने की बात कही देवी लक्ष्मी नेपौराणिक कथाओं में जिक्र मिलता है कि एक बार श्री हरि धरती पर भ्रमण के लिए जा रहे थे। तभी देवी लक्ष्मी ने उनके साथ चलने की अनुमति मांगी। कई बार कहने पर भगवान विष्णु ने कहा कि वह साथ चल सकती हैं लेकिन उन्हें एक शर्त माननी होगी। उन्होंने कहा कि धरती पर कैसी भी स्थिति आए लेकिन उन्हें उत्तर दिशा की ओर नहीं देखना है। देवी लक्ष्मी भी भगवान की शर्त मान लेती हैं और साथ चल देती हैं। इस तरह खुद को रोक न सके भगवान और रो पड़ेकथा मिलती है कि जब श्री विष्णु और माता लक्ष्मी पर भ्रमण कर रहे थे। तभी देवी की नजर उत्तर दिशा की ओर पड़ी। उस ओर इतनी हरियाली थी कि वह खुद को रोक न सकीं और सामने दिख रहे बगीचे में चली गईं। इसके बाद उन्होंने उस बाग से एक पुष्प तोड़ लिया और भगवान विष्णु के पास वापस आईं। उन्हें देखते ही श्री हरि रो पड़े। तभी माता लक्ष्मी को उनकी शर्त याद आई। तब भगवान विष्णु ने कहा कि बिना किसी से पूछे उसकी किसी भी वस्तु को छूना अपराध है। लक्ष्मीजी को इस वजह से बनना पड़ा दासीदेवी लक्ष्मी को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी। लेकिन श्रीहरि ने कहा कि इस गलती की माफी उस बगीचे का माली ही दे सकता है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें उस माली के घर में दासी बनकर रहना होगा। देवी लक्ष्मी ने उसी क्षण गरीब औरत का रूप धारण किया और सीधे उस माली के घर पहुंच गईं। माली ने उनसे कभी खेत में काम करवाया, कभी बगीचे में तो कभी घर में। लेकिन एक दिन उसे पता चला कि वह दासी कोई और नहीं माता लक्ष्मी हैं। तो वह रो पड़ा। किस्मत चमकाने वाली 6 अंगूठी, लोग करते हैं बहुत भरोसा ऐसे दासी बनीं मां लक्ष्मी ने भर दी माली की झोलीकथा के अनुसार माली ने मां लक्ष्मी से क्षमा-याचना की और कहा कि जो कुछ उसने उनसे करवाया वह सब अज्ञानतावश था। इसके लिए वह उसे माफ कर दें। मां लक्ष्मी ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो भी वह नियति थी। इसमें उसका कोई दोष नहीं है। लेकिन जिस तरह उसने मां को अपने परिवार का सदस्य समझा। उसके लिए वह उसे आजीवन सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। देवी लक्ष्मी ने कहा कि माली और उसके परिवार के सदस्यों को जीवन में किसी भी तरह का कष्ट नहीं भोगना पड़ेगा। इतना कहकर देवी अंर्तध्यान होकर विष्णु लोक वापस चली गईं।





# स्वामी विवेकानंद ने समझाया पाप और पुण्य का अर्थ

यह घटना 1899 की है। उन दिनों कलकत्ता में प्लेग फैला हुआ था। कलकत्ता में शायद ही कोई ऐसा घर बचा था जिसमें इस रोग का प्रवेश न हुआ हो। प्लेग ने असमय ही अनेक लोगों को मौत की नींद सुला दिया। यह देखकर हर ओर त्राहि-त्राहि मच गई। जिस भी घर का प्राणी मरता, वहां रोने की चीत्कारें गूंजने लगती थीं। सभी परेशान थे।ऐसे में स्वामी विवेकानंद, उनके कई शिष्य स्वयं रोगियों की सेवा करते रहे। वे नगर की गलियां और बाजार साफ करते और जिस घर के मरीज इस बीमारी की चपेट में आ गए थे, उन्हें दवा आदि देकर उनका उपचार करते। तभी कुछ पंडितों की मंडली स्वामी जी के पास आई और बोली, 'स्वामीजी, आप यह ठीक नहीं कर रहे हैं। इस धरती पर पाप बहुत बढ़ गया है इसलिए इस महामारी के रूप में भगवान लोगों को दंड दे रहे हैं। आप लोगों को बचाने का यत्न कर रहे हैं। ऐसा करके जाने अनजाने आप भगवान के कार्यों में बाधा डाल रहे हैं जो अच्छी बात नहीं है।'यह सुनकर स्वामीजी गंभीरता से बोले, 'आप सब यह तो जानते ही होंगे कि मनुष्य इस जीवन में अपने कर्मों के कारण कष्ट और सुख पाता है। ऐसे में जो व्यक्ति कष्ट से पीड़ित है और तड़प रहा है, यदि दूसरा व्यक्ति उसके घावों पर मरहम लगा देता है और उसके कष्ट को दूर करने में मदद करता है तो वह स्वयं ही पुण्य का अधिकारी बन जाता है। अब यदि आपके अनुसार प्लेग से पीड़ित लोग पाप के भागी हैं तो भी हमारे जो सेवक इनकी मदद कर रहे हैं, वे तो पुण्य के भागी बन ही रहे हैं न! बोलिए इस संदर्भ में आपका क्या कहना है?' स्वामीजी की बात सुनकर सभी पंडित भौंचक्के रह गए और चुपचाप सिर झुकाकर वहां से चले गए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com